


पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 223 epaper.rashtriyakhabar.com श्रावण (अधिक), कृष्णपक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2080 web: www.rashtriyakhabar.com

**छुट्टी की सूचना**

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभेच्छुओं को स्वाधीनता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खबर हमारी नजर का कार्यालय बंद रहेगा। अतः आप सुधीजनों को अगला अंक 17 अगस्त को मिलेगा। **- संपादक**

## विदुर नीति

एक क्षमावतां दोषो द्वितीयो नोपपद्यते।

यदे नः क्षमयायुक्तमशक्त मन्यते जनः॥

भावार्थ : क्षमाशील व्यक्ति का एक ही दोष होता है, दूसरा कोई दोष नहीं होता। वह दोष यह है कि क्षमाशील व्यक्ति को लोग कायर समझ लेते हैं।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .21 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .24 बजे

## बंगलादेश में डेंगू के मामले 85 हजार के पार

**ढाका:** बंगलादेश में डेंगू के मामले 85 हजार से अधिक हो गये हैं और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से 11 लोगों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने सोमवार को यह जानकारी दी । देश में डेंगू से इस साल अब तक मरने वालों की कुल संख्या 398 हो गई है। डीजीएचएस के आंकड़ों के अनुसार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 2,905 मामलों की दैनिक वृद्धि के साथ डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 85,411 हो गई है। डीजीएचएस आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान, 2,991 और मरीजों को अस्पतालों और क्लीनिकों से छुट्टी दे दी गई, जिससे देश में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 75,280 हो गई है।

## म्यांमार में जेड खदान ढहने से दो की मौत, 30 से अधिक लापता

**यांगून:** म्यांमार में उत्तरी काचिन राज्य के जेड खदान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। हापाकांत टाउनशिप के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार दोपहर को काचिन राज्य के हापाकांत कस्बे में मा ना गांव के पास एक जेड खदान में भूस्खलन स्थानीय समयानुसार करीब तीन बजे हुआ। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी और कुल आठ लोग घायल हो गए हैं। इसके अलावा, 30 से अधिक लोग लापता हो गए हैं। वे प्रवासी श्रमिक हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**शांति की तलाश में नगालैंड** › अधर में लटका नगा समझौता

# पूर्वोत्तर में विद्रोही गुटों का स्वतंत्रता दिवस समारोह के बहिष्कार का एलान

- अलग ध्वज और संविधान के मुद्दे पर गतिरोध
- एनएससीएन ने इस मौके पर की है घोषणा
- उल्फा-आई का इस मौके पर बंद का आह्वान

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी:** पूर्वोत्तर भारत में नगालैंड को उग्रवाद का केंद्रबिंदु कहा जाता है, जहाँ 1950 के दशक के बाद से उग्रवाद ने अपने पैर पसार रखे हैं। बेशक राज्य में शांति स्थापित होना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन किसी भी नगा शांति पहल को लागू करते समय असम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश राज्यों की वर्तमान क्षेत्रीय सीमाओं को खतरा उत्पन्न नहीं होना चाहिये, जो कि इन राज्यों को हर्गिज स्वीकार्य नहीं होगा। इन राज्यों में नगा आबादी वाले क्षेत्रों को अधिक स्वायत्तता प्रदान की जा सकती है और इन क्षेत्रों के लिये उनकी संस्कृति एवं विकास हेतु अलग से बजट आवंटन भी किया किया जा सकता है। संभव हो तो एक नए निकाय का गठन किया जाना चाहिये, जो नगालैंड के अलावा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में नगाओं के अधिकारों की निगरानी करेगा।चार साल पहले केंद्र सरकार और नगा समूहों के बीच हुए ऐतिहासिक नगा फ्रेमवर्क समझौते के बावजूद नगालैंड में स्थायी शांति एक सपना जैसी बनी हुई है। केंद्र सरकार ने यह समझौता नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (एनएससीएन) के नेता इसाक-मुइवा के साथ किया था, जिसमें अन्य विद्रोही गुटों का प्रतिनिधित्व भी था। लेकिन ऐसी कई वजहें हैं, जिनसे इस समझौते से केवल निराशा हाथ लगी है।1826 में अंग्रेजों ने असम को ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य में मिला लिया तथा 1881 में नगा हिल्स भी इसका हिस्सा बन गया।1946 में अंगामी जापू फिजो के नेतृत्व में नगा नेशनल काउंसिल का गठन किया गया, जिसने 14 अगस्त, 1947 को नगालैंड को एक स्वतंत्र राज्य घोषित किया। परिषद मुख्यालय (सीएचक्यू), हेब्रोन में आयोजित 77 वें नागा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर, एटो किलोनसर, इनो टी मुइवा ने संप्रभुता, ऐतिहासिक संघर्षों और नगाओं के लिए स्वतंत्रता की खोज के महत्व पर जोर देते हुए एक भाषण दिया। नगालिम पर भारतीय आक्रमण के काले दौर को संबोधित करते हुए, अतो ›› पेज 2 भी देखें

सदन में राहुल का उग्र रूप दिखा, स्पीकर पर लगाया आरोप, वेल में उतरे

# बच्ची को मारने वाला तेंदुआ पकड़ा गया



**राष्ट्रीय खबर**

**तिरूपति:** आंध्र प्रदेश के तिरूपति में प्रसिद्ध तिरुमाला मंदिर के पास छह साल की बच्ची पर कथित तौर पर हमला कर उसे मारने वाले तेंदुए को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। शनिवार की रात पांच स्थानों पर तेंदुए की आवाजाही दर्ज की गई, जिसके बाद वन अधिकारियों ने जानवर को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। इलाके में करीब 500 कैमरे लगाए गए थे। इलाके में करीब एक दर्जन कैमरे लगाए गए थे। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने माता-पिता से अपने बच्चों के साथ ट्रैकिंग करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया है। प्रशासन ने कहा, 15 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ तीर्थयात्री केवल सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच ही यात्रा कर सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, दोपहिया वाहनों की आवाजाही को भी शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रतिबंधित कर दिया गया है। टीटीडी के अध्यक्ष श्री बी करुणाकर रेड्डी पैदल मार्ग मार्गों और घाट सड़कों दोनों में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उठाए जाने वाले उपायों पर चर्चा करने के लिए आज शाम एक उच्च ›› पेज 2 भी देखें

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन

# हर मोर्चे पर तेजी से दौड़ रहा है देश: मुर्मु

- स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी
- वैश्विक महामारी का असर पूरी दुनिया में
- किसानों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ रहा है और मुश्किल समय में जहां अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरे देशों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। श्रीमती मुर्मु ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और कहा, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं भारत के नागरिकों के साथ एकजुट हो कर सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके असंख्य बलिदानों से, भारत ने विश्व समुदाय में अपना स्वाभिमान-पूर्ण स्थान फिर से प्राप्त किया। स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा मातंगिनी हाजरा और कनकलता ›› पेज 2 भी देखें

# द्वारका एक्सप्रेस वे की लागत पर सीएजी ने आपत्ति जतायी



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित राजमार्ग परियोजनाओं को लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा परियोजनाओं के आवंटन में अनियमितता के मामले पाए हैं। भारतमाला परियोजना के चरण- क के कार्यान्वयन पर अपनी रिपोर्ट में, लेखा परीक्षक ने आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) को प्रस्तावित मूल्यांकन और अनुमोदन तंत्र में भी कमियां पाई हैं और कई उच्च लागत में भारी लागत वृद्धि को भी चिह्नित किया है।

द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना और दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे के निर्माण सहित इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाएं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक्सप्रेसवे के हरियाणा हिस्से पर एक एलिवेटेड कैरिजवे चुनने के फैसले ने निर्माण लागत को मूल रूप से स्वीकृत 18.2 करोड़ रुपये प्रति किमी से बढ़ाकर 251 करोड़ रुपये प्रति किमी कर दिया है। एनएचएआई भारतमाला कार्यक्रम के तहत एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

सीसीईए ने भारतमाला कार्यक्रम को मंजूरी देते हुए प्रति किमी 18.2 करोड़ रुपये की कुल औसत निर्माण लागत को मंजूरी दी थी। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में पाया कि एनएचएआई बोर्ड ने द्वारका एक्सप्रेसवे को सीसीईए द्वारा अनुमोदित 18.2 करोड़ रुपये प्रति किमी की नागरिक लागत के मुकाबले 250.77 करोड़ रुपये प्रति किमी की दर से 7,287।29 करोड़ रुपये की नागरिक लागत के साथ मंजूरी दी। ऑडिटर ने कहा कि एनएचएआई ने इन परियोजनाओं को नवंबर 2020 और सितंबर 2022 के बीच पूरा करने का आदेश दिया है, लेकिन वे अभी भी अधूरे हैं। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, इन परियोजनाओं ने 31 मार्च 2023 तक 60.50 प्रतिशत से 99.25 प्रतिशत के बीच भौतिक प्रगति हासिल की थी।

सीएजी ने यह भी बताया कि द्वारका एक्सप्रेसवे में, रिकॉर्ड में बिना किसी कारण के, हरियाणा में 19 किलोमीटर की दूरी पर आठ-लेन एलिवेटेड मुख्य कैरिजवे और छह-लेन एटी-ग्रेड सड़क का निर्माण किया गया था।

ऑडिटर ने बताया कि 14-लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग हो सकता है उपरोक्त कैरिजवे और सड़क के स्थान पर ग्रेड पर बनाया गया है। कैग ने यह भी कहा कि 55,432 यात्री वाहनों के औसत दैनिक यातायात के लिए आठ एलिवेटेड लेन की योजना या निर्माण का रिकॉर्ड पर कोई औचित्य नहीं था। इसमें यह भी बताया गया कि मालवाहक वाहनों के अलावा 2,32,959 यात्री वाहनों के औसत वार्षिक दैनिक यातायात के लिए केवल छह लेन (ग्रेड लेन पर) की योजना बनाई गई थी या निर्माण किया गया था। अपनी रिपोर्ट में, सीएजी ने यह भी कहा कि भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ऑडिट अवलोकन का खंडन नहीं किया कि 14-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रेड पर बनाया जा सकता था, और ऑडिट अवलोकन का जवाब नहीं दिया। कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा परियोजनाओं को आवंटित करने के मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए, सीएजी ने कहा कि कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा परियोजनाओं को आवंटित करने में अनियमितताओं के मामले देखे गए हैं। यह निविदा की निर्धारित प्रक्रियाओं का स्पष्ट उल्लंघन ›› पेज 2 भी देखें






## शहर >> अपडेट

### सचिव बने राजेश केडिया

**रांची :** गणेश प्रसाद सिंह बने लायंस क्लब रांची ग्रेटर के नए अध्यक्ष। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर का 49वां स्थापना समारोह होटल काव्स में आयोजित किया गया। जिसमें पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राहुल वर्मा ने सत्र 2023-24 के लिए लायन गणेश प्रसाद सिंह अध्यक्ष, सचिव लायन राजेश केडिया, कोषाध्यक्ष लायन राजेश त्रिपाठी और अन्य बोर्ड सदस्यों को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजीव लोचन ने 55 नये सदस्यों को शामिल किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन थे। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में 322ए के साथ प्रथम महिला लायन मंजुला जैन, लायन सीमा बाजपेयी प्रथम वीडीजी, लायन संजय कुमार द्वितीय वीडीजी भी उपस्थित थे। अतिथि के रूप में लायन आशीष नेमानी, पूर्व जिला पाल सिद्धार्थ मजूमदार, माधव लखोटिया, राजीव सिंह,

**इडी** > अपनी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए मांगा समय

# ईडी के सामने पेश नहीं होंगे सीएम हेमंत सोरेन, एक सप्ताह का मांगा समय

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जमीन घोटाले की जांच कर रही है। इसको लेकर बीते आठ अगस्त को ईडी ने राज्य के सीएम हेमंत सोरेन को समन भेजकर पूछताछ के लिए 14 अगस्त को तलब किया था। लेकिन आज सोमवार को सीएम ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। उन्होंने अपनी व्यस्तताओं का हवाला देते हुए एक सप्ताह का समय मांगा है। बता दें कि ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को आरसी 25/23 केस ईसीआईआर में समन किया था। बता दें कि इससे पहले 17 नवंबर 2022 को ईडी ने अवैध खनन ममाले में सीएम हेमंत सोरेन से करीब 10 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी ने इस पूछताछ में पत्थर खनन से जुड़े कई सवाल सीएम हेमंत सोरेन से किये थे। साथ ही हेमंत सोरेन से संपत्ति की पूरी जानकारी मांगी थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी को एक खुली चिट्ठी लिखकर चुनौती दी थी।ईडी ने जमीन घोटाले की जांच रांची के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी की रिपोर्ट के आधार पर शुरू कर दी थी। सेना के कब्जे वाली जमीन के सिलसिले में जांच कर आयुक्त ने रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी।



इस जांच रिपोर्ट में स्पष्ट था कि फर्जी नाम और पता के आधार पर सेना की जमीन पर कब्जा किया गया। रांची नगर निगम ने इस मामले की शिकायत दर्ज करायी। ईडी ने इस प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की।इस मामले की जांच शुरू हुई तो पहला छापा नवंबर 2022 को व्यापारी विष्णु अग्रवाल और अमित अग्रवाल के ठिकानों पर पड़ा था। ईडी ने दूसरी बार 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कर्मचारी भानु प्रताप समेत जमीन के कारोबार से जुड़े लोगों के 21 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को कई अहम सबूत मिले थे। इस दौरान ईडी ने सरकारी दस्तावेज घर में रखने के आरोप में कर्मचारी भानु प्रताप सहित सात जमीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया था। रिमांड पर इन अभियुक्तों से हुई पूछताछ के दौरान जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने में शामिल अन्य लोगों की जानकारी मिली। इसके बाद 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थापित पीपीएस उदय शंकर के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा। ईडी को जानकारी मिली कि जमीन कारोबारियों को प्रशासनिक मदद पहुंचाने की कोशिश इसी जगह से होती थी।

## अमिताभ चौधरी की प्रतिमा लगाने का बेटे अभिषेक चौधरी ने किया विरोध

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** जेएससीए स्टेडियम, धुर्वा में जेएससीए प्रबंधन की ओर से स्व अमिताभ चौधरी की प्रतिमा लगाने के निर्णय पर विवाद शुरू हो गया है। जेएससीए के पूर्व प्रमुख और पुलिस अधिकारी रहे अमिताभ के बेटे अभिषेक चौधरी संग उनके परिजनों ने भी प्रतिमा लगाए जाने के फैसले पर आपत्ति की है। अमिताभ चौधरी की स्वर्ण जड़ित प्रतिमा लगाने के प्रस्ताव को उनके परिवार एवं परिजनों ने उनके जीवन मूल्यों आदर्शों तथा संघर्षों पर प्रहार बताया है। परिवार ने खरउअ के सचिव को कानूनी नोटिस भेजकर गंभीर आपत्ति जताई है। साथ ही कुछ आवश्यक जानकारियां भी मांगी हैं ताकि स्वर्गीय अमिताभ चौधरी की विरासत को अक्षुण्ण रखा जा सके एवं उनके आदर्शों के अनुरूप कार्यों द्वारा ही उनको श्रद्धांजलि अर्पित की जा सके। परिजनों के मुताबिक अमिताभ व्यक्ति पूजा एवं बाहरी आडंबर के गंभीर विरोधी थे। उनके लिए कर्म ही पूजा था। कार्य के प्रति उनकी एकनिष्ठा एवं समर्पण अद्भुत था। परिणाम में विश्वास करते थे आडंबर के खिलाफ थे। उनकी पुण्यतिथि पर इस तरह की प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा करना उनकी स्मृति को आभाहीन एवं धूमिल करने के साथ-साथ उनकी बौद्धिक संपदा को भी धूल धूसरित करता है।

झामुमो का भाजपा, बाबूलाल और सुदेश पर ट्रिपल अटैक

# सुदेश महतो को डुमरी की जनता से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए

- सुदेश महतो को डुमरी की जनता से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए
- जिसने 56 साल तक तिरंगा नहीं लहाराया,वह आजादी का अमृतकाल मना रहे हैं



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झामुमो ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव और बाबूलाल की संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा, बाबूलाल मरांडी ओर सुदेश महतो पर ट्रिपल अटैक किया है। पार्टी महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि सुदेश महतो को डुमरी की जनता से वोट नहीं माफी मांगनी चाहिए। क्योंकि सुदेश महतो जब एनडीए सरकार में राज्य के गृह मंत्री थे, तब ही 2001 में ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत किया गया था। जब 1985 आधारित स्थानीय नीति बनी थी, तब उनकी पार्टी के वर्तमान सांसद और पूर्व मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने इसकी घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि स्व जगरनाथ महतो मूलवासियों के सबसे प्रखर वक्ता थे। वे अंत तक 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति की वकालत करते रहे। इसलिए राजनीतिक दायरे से बाहर निकलते हुए उनकी पत्नी बेबी देवी के खिलाफ आजसू को डुमरी से अपने प्रत्याशी नहीं उतारने चाहिए थे।डुमरी में तत्कालीन झाविमो ने आप से भी कम वोट लाया था

भट्टाचार्य ने कहा कि डुमरी में झाविमो ने कितना मत लाया था, सभी जानते हैं। झाविमो प्रत्याशी ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी से भी कम वोट लाया था। अब वही पूर्व झाविमो अध्यक्ष और वर्तमान भाजपा अध्यक्ष डुमरी में जीत का गुणा- भाग कर रहे हैं। अजीब बात है। ये लोग कह रहे हैं कि 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण को मुद्दा बनाएंगे। यह सारे मुद्दे भाजपा के कभी रहे ही नहीं। अपने शासन काल में इसके लिए प्रयास तक नहीं किया। रही बात झामुमो और उनकी सरकार की, तो यह उनका मुद्दा है और इसी शासनकाल में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लायी जायेगी।झामुमो ने बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का उपहास उड़ाते हुए कहा कि वह शायद भाजपा मुक्त झारखंड बनाने लिए इस यात्रा में जा रहे हैं। या फिर जनता को यह बताएंगे कि वे कुतुबमीनार से क्यों नहीं कूद पाए। क्योंकि उनके पास बताने को कुछ नहीं है। झूठ और भ्रम फैलाएंगे और जनता भाजपा के खिलाफ और बिदक जाएगी। उन्होंने कहा कि सुनने में आया है कि बाबूलाल एक दिन में कई सभा करेंगे। अब यह तो संभव नहीं है। इसलिए हो सकता है कि यह नुक्कड़ सभा हो।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिला राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ का प्रतिनिधिमंडल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के टाना भगत समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल को टाना भगत समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए यथोचित सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ के बुधराम टाना भगत, धनी टाना भगत, ललित टाना भगत, महादेव टाना भगत, बुदु टाना भगत, लक्ष्मण टाना भगत, सुधीर टाना भगत, बिजला टाना भगत सहित विभिन्न जिलों के टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## जदयू प्रदेश कार्यालय में सन्नाटा पसरा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** देश के साथ साथ झारखंड में भी चुनावी चहल-पहल शुरू हो गई है। चुनाव करीब आता देख सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा, झामुमो, आजसू जैसी राजनीतिक पार्टियों के कार्यालयों में चुनावी भीड़ देखने को मिल रही है। लेकिन झारखंड जदयू के दफ्तर की तस्वीर इससे अलग है। बिहार की सत्ताधारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के रांची स्थित प्रदेश कार्यालय की तस्वीर अन्य दलों के ठीक उलट है। पार्टी कार्यालय में पदाधिकारी समेत प्रवक्ता मौजूद नहीं हैं।पार्टी ऑफिस में सन्नाटा है, कमरों में कुर्सी, टेबल हैं लेकिन उन कुर्सियों पर बैठने वाले कार्यकर्ता कार्यालय से नदारद हैं। चुनाव के समय में लाजिमी होता है कि पार्टी के कार्यकर्ता क्षेत्र में लोगों से रूबरू होते हैं। लेकिन वहीं दूसरी ओर चुनाव के समय में अन्य दलों की तरफ से कई कार्यकताओं को ऑफिस वर्क की भी जिम्मेदारी दी जाती है। जिसे कार्यालय में बैठकर कार्यकर्ता पूरा करते हैं। वहीं चुनाव के समय में पार्टी प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभाने वाले पदाधिकारी को भी ऑफिस में रहना होता है।

**उत्सव** > झारखंड में स्वतंत्रता दिवस और आजादी के उत्सव को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है

# हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत, राज्यपाल ने दिखाई हरी झंडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में स्वतंत्रता दिवस और आजादी के उत्सव को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इस मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजभवन मुख्य द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के अलावे बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले आयोजित इस तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमें वीर सपूतों के बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए कुबार्नी दी। राजभवन गेट पर हुए संक्षिप्त कार्यक्रम के बाद छात्रों द्वारा निकाली गई यह तिरंगा यात्रा राजधानी के विभिन्न इलाकों में भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश भक्ति से जुड़े नारा लगाते रहे।हर घर तिरंगा अभियान राजधानी रांची में जोरों पर है।



शैक्षणिक संस्थानों से लेकर कई सामाजिक संगठनों के द्वारा तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। स्वाधीनता दिवस से पूर्व आज कई स्कूल-कॉलेज द्वारा प्रभातफेरी निकाली गयी। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए शहर के विभिन्न सड़कों पर बच्चे निकलकर भारत माता की जयघोष कर रहे हैं। इस मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों को तिरंगा को घर लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित ही नहीं करना है बल्कि राष्ट्र प्रेम के प्रति भाव को भी जागना है। इस मौके पर स्कूल एवं कॉलेजों में विभिन्न तरह की प्रतियोगिता के साथ-साथ रंगोली बनाकर स्वाधीनता दिवस की तैयारी की जा रही है।

## पेज एक का शेष

### पूर्वोत्तर में विद्रोही गुटों का .. ..

किलोनसर ने नरसंहार, यातना, फांसी और हिरासत सहित नागा लोगों द्वारा सामना किए जाने वाले अत्याचारों पर प्रकाश डाला। इन भयावहताओं के बावजूद, नागा लोगों के लचीलेपन और अस्तित्व को भगवान की कृपा के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने ऐसे परीक्षणों को सहन करने वाले शहीदों की स्मृति को सम्मानित किया।

नगा लोगों के अटूट दृढ़ संकल्प पर जोर देते हुए, अतो किलोनसर ने क्रांतिकारी देशभक्तों की विरासत की ओर इशारा किया, जिन्होंने लगातार चुनौतियों के माध्यम से राष्ट्र का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने नगा नेशनल असेंबली द्वारा 16 सूत्री ज्ञापन और शिलांग समझौते को खारिज किए जाने को स्वीकार किया और इसे देशद्रोह का विश्वासघाती कृत्य करार दिया.यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) ने एनएससीएन/जीपीआरएन के साथ मिलकर राज्य में स्वतंत्रता दिवस समारोहों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। इसके अलावा, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों ने 15 अगस्त को रात 12:01 बजे से शाम 6 बजे तक 18 घंटे के बंद का आह्वान किया। 15 अगस्त को, जब बहिष्कार शुरू होने वाला है, रात 12:01 बजे से शाम 6 बजे तक पूरी तरह से बंद रहेगा। हालांकि, बंद से कोई भी आपातकालीन सेवाएं, मीडिया या धार्मिक संचालन प्रभावित नहीं होंगे।

संगठन ने आगे कहा कि स्वतंत्रता दिवस का मुखौटा पश्चिमी दक्षिण पूर्व एशिया के ऐतिहासिक रूप से स्वतंत्र राष्ट्रों की संप्रभुता की रक्षा करने में विफल रहा है, जो औपनिवेशिक शासक वर्ग से हाशिए पर और प्रभावित हैं। मणिपुर में एक क्रांतिकारी समूह समन्वय समिति (कोरकॉम) ने राज्य में भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि मणिपुर भारत की स्वतंत्रता कथा का हिस्सा नहीं है और 15 अगस्त, 2023 को आम हड़ताल का आह्वान करता है। समिति की घोषणा स्वतंत्रता दिवस के मुख्यधारा के भारतीय परिप्रेक्ष्य को चुनौती देती है, जिसमें जोर देकर कहा गया है कि मणिपुर की ऐतिहासिक और संप्रभु पहचान को भारत के औपनिवेशिक शासन के ढांचे के भीतर हाशिए पर डाल दिया गया है। कोरकॉम के अनुसार, चल रहा जातीय संकट, भारत की विभाजनकारी नीतियों को दशार्ता है जिसने मणिपुर में अशांति को बढ़ावा दिया है।

### बच्ची को मारने वाला .. ..

स्तरीय बैठक करेंगे। ऐसा संदेह है कि वह बच्ची पिछले सप्ताह अपने माता-पिता के साथ पहाड़ी पर ट्रैकिंग के दौरान जंगल में भटक गई थी। उसका शव तिरुपति में पहाड़ी मंदिर की ओर जाने वाले पैदल मार्ग पर एक अन्य मंदिर के पास एक झाड़ीदार इलाके में पाया गया था। उसके शरीर पर चोट के निशान किसी जानवर के हमले का संकेत दे रहे हैं। इससे पहले जून में, इलाके में एक तीन साल का बच्चा तेंदुए के हमले का शिकार हो गया, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया। इसे ट्रैक करने के लिए लगभग 150 कैमरों का उपयोग करके जानवर को फंसाया गया और बाद में दूसरे जंगल में छोड़ दिया गया।

### हर मोर्चे पर तेजी से दौड़ .. ..

बरुआ जैसी वीरांगनाओं ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। माँ कस्तूरबा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर सत्याग्रह के मार्ग पर चलती रहीं। सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आस?फ-अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ रहा है और दूसरे देशों के लिए भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा,हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी के कारण हुए आर्थिक संकट से विश्व-समुदाय पूरी तरह बाहर नहीं आ पाया था कि अंतर-राष्ट्रीय पटल पर हो रही घटनाओं से अनि?तता का वातावरण और गंभीर हो गया है। इसके बावजूद हमारी सरकार ने कठिन परिस्थितियों का अच्छी तरह सामना किया है और चुनौतियों को अवसरों में बदला है। सकल घरेलू उत्पाद में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि किसानों ने आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और राष्ट्र उनका ऋणी है। राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति चिंता का कारण बनी हुई है, लेकिन सरकार और रिजर्व बैंक इस पर काबू पाने में सफल रहे हैं। सरकार ने जन-सामान्य पर मुद्रास्फीति का अधिक प्रभाव नहीं पड़ने दिया है और साथ ही गरीबों को व्यापक सुरक्षा कवच भी प्रदान किया है। वैश्विक आर्थिक विकास के लिए दुनिया की निगाहें भारत पर टिकी हुई हैं। भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विश्व में सबसे तेजी से बढ़ रही बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हमारी आर्थिक प्रगति की इस यात्रा में समावेशी विकास पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निरंतर आर्थिक प्रगति के दो प्रमुख आयाम हैं। एक ओर, व्यवसाय करना आसान बनाकर और रोजगार के अवसर पैदा करके उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है तो दूसरी ओर, जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पहल की गयी है तथा व्यापक स्तर पर कल्याणकारी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वंचितों को वरीयता प्रदान करना सरकार की नीतियों और कार्यों के केंद्र में रहता है। परिणामस्वरूप पिछले दशक में बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकालना संभव हो पाया है। इसी प्रकार, आदिवासियों की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें प्रगति की यात्रा में शामिल करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा,मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों से अपील करती हूं कि आप सब अपनी परंपराओं को समृद्ध करते हुए आधुनिकता को अपनाएं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि देश में आर्थिक विकास के साथ-साथ मानव विकास संबंधी सरोकारों को भी उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा को सामाजिक सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम करार देते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से बदलाव आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा,विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थियों और शिक्षाविदों के साथ मेरी बातचीत से मुझे ज्ञात हुआ है कि अध्ययन की प्रक्रिया अधिक लचीली हो गई है। इस दूरदर्शी नीति का एक प्रमुख उद्देश्य प्राचीन मूल्यों को आधुनिक कौशल के साथ जोड़ना है। इससे, आने वाले वर्षों में, शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन होंगे और परिणामस्वरूप, देश में एक बहुत बड़ा बदलाव दिखाई देगा। भारत की प्रगति को, देशवासियों, विशेषकर युवा पीढ़ी के सपनों से शक्ति मिलती है। विकास की अनंत संभावनाएं देशवासियों की प्रतीक्षा कर रही हैं। स्टार्ट-अप से लेकर खेल-कूद तक, हमारे युवाओं ने उत्कृष्टता के नए आसमानों की उड़ान भरी है। नए भारत की महत्वाकांक्षाओं के नए क्षितिज को असीम बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन नई ऊंचाइयों को छू रहा है और उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसरो ने चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण किया है, जो चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर चुका है, और कार्यक्रम के अनुसार उसका विक्रम लैंडर तथा प्रज्ञान रोवर कुछ ही दिनों में चंद्रमा पर उतरेंगे।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रांची:** स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। शहर के प्रमुख स्थानों पर डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित 250 पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। इसके साथ मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। रांची एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि जवानों के अलावा कई थाना प्रभारी और गश्ती दल सुरक्षा में तैनात रहेंगे।स्वतंत्रता दिवस को लेकर राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। इसको लेकर शहर में 15 अगस्त की सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। रिंग रोड की ओर से रांची आने वाले वाहन बोरिया तक, चाईबासा और खूंटी से रांची आने वाले वाहन बिरसा चौक तक ,पलामू और लोहरदगा से रांची आने वाले वाहन तिलता चौक तक, गुमला और सिमडेगा से रांची आने वाले वाहन आईटीआई बस स्टैंड तक, जमशेदपुर से रांची आने वाले वाहन दुर्गा सोरेन चौक नामकुम तक, पतरातू से रांची आने वाले वाहन चांदनी चौक और बिहार की ओर से आने वाले वाहन बूटी मोड़ तक ही आ पाएंगे।










































# मैं चल भी नहीं सकता और तुम दौड़ जाते हो



राजलक्ष्मी सहाय

हर पंन्द्रह अगस्त को भीखम तिरंगा फहराता है। सेक्रेटेरियट के ठीक सामने सडक के उस पार मैदान में एक विशाल बरगद खड़ा है। पेड़ की किसी लम्बी सी ड़ाली को काट - उसके पते तोड़ चिकना करता है। उसी में तिरंगा बांध फिर बैसाखी के सहारे खडे होकर सलीमी देता जन गन मन गाता है सुलभ भोजनालय का वीरू-फुल मालाकार बिसुन धुसका वाला पलटू -चायवाला बीगु सब उसके इर्द गिर्द खडे ना जाने क्यों कैसे उस वक्त अदृश्य सी तरंग प्रवाहित होने लगती है वहां की हवी में वह जय जवान -जय किसान का नारा लगगाता है।भारत माता की जय और वदें मातरम का नारा लगाने में पूरी ताकत झोंक देता है। शाम होते ही तिरंगा अपनी पोटली में सहेजकर रख देता है जो हर वक्त उसके पास रहती है।

बरगद की छांव में पैर पसारकर भीखम बैठा रहता पास ही उसकी बैशाखी पड़ी होती । आते जाते लोगों की नजर पड़ती उस पर । सबको यही लगता वह भिखारी है। मगर उसके हाथ में कोई कटोरा नही होता । फटेहाल बढे हुए बाल -लम्बी दाढ़ी और एक पैर की लचारी । कुल मिलाकर भिखमंगे की तस्वीर बन ही जाती ।

सेक्रेटेरियट के बड़े से फाटक में आती जाती गाड़ियों को वह देखता । लाल पीली बती वाली सायरन बजाती गाड़ियां सिपाहियों का सलाम ठोंकना गाड़ी पार होते ही कमर लचकाकर टेढे खड़े सिपाही कोई खैनी मलता तो कोई सिमेंट की बेच पर लदक जाता इसका खूब हिसाव था भीखम को कि कितनी बार सायरन वीली गाड़ियां उस फाटक में घुसती और निकलती है।लेकिन कभी दिखाई नही दिया कि काले शीशे के पीछे चेहरे कौन से है। सायरन की शान और चेहरा छिपाना ? कभी समझा नहीं भीखम । विवशता है या डर? कैसा अपराध किया कि नजर मिलाने की हिम्मत नहीं। दो तीन बार उसने कोशिश भी की थी भीतर के चेहरे को बाहर निकालने की। हाथ हिलाया, एक कागज का टुकड़ा हिलाया जिसे वह फाटक के भीतर पहुंचाना चाहता था। मगर बेकार। कोई नजरें घुमाये तब तो। और फिर एक सिपाही ने उसकी बैसाखी में इतनी जोर का डंडा मारा बैसाखी दरक गयी। किसी तरह रस्सी से बांधकर बचा रखा था बैसाखी। बैसाखी हवाई जहाज से कम तेज नही चलती थी उनकी गाड़ियां सुबह -सुबह बीगन चायवाला अपनी गुमती खोलती । उसने कभी नही पूछा भीखम से कि वह कौन है। और क्यों वहां बैठा रहता है। मगर एक चुक्कड़ चाय हाथ में धरा देता सुड़-सुड़ करके चाय सुड़क लेता था भीखम। थोड़ी देर बाद ठेले पर धुसका धुधनी की मारा मारी होती। पलटू को पता है फाटक पर तैनात सिपाही लोगों का मुफ्त अधिकार है उसके धुसके पर। चटखारा लेकर खाते है और वर्दी में हाथ पोंछते निकल जाते है। सिपाहियों की तीमारदारी में पलटू का चार पांच धुसका रोज जल जाता है। उन्ही को एक दोने में डाल उस पर घुघनी छिड़ककर भीखम को धरा देता है। पलटू जले हिस्से को तोड़-तोड़ फेंक देता है भीखम आधा आधा खा लेता है। नास्ता निपट जाता है। उसका थोड़े से फासले पर ही सुलभ भोजनालय है। बड़े से टेबल पर भात दाल तरकारी की तीन बड़ी बड़ी हांड़ियां होती हैं। भीखम की नजर रहती है उस छोकरे पर जितनी बार दाल निकलता है। अन्त में बर्तन धोनें से पहले पीले रंग के पानी में डुबा भात और तरकारी का एकाध आलू उसके सामने रख देता है।

एक दिन पूछा था छोकरे ने ।। तुम कौन जात के हो।।

भूखा जवाब था भीखम का

फिर कभी जात न पूछा उसने। नियम से खाना खिलाता रहा शाम तक सब अपना -अपना सामान समेट लेते । रात की कोई व्यवस्था नहीम बरगद की मोटी सी जड़ पर अपनी पोटली रख तकिया बना सी जाता था भीखम।

सोते में भी जागते में भी भीखम की आंखों में एक ही सपना कौधता है। सौतेली मां ने चुल्हे से गरम कोयला निकालकर उसके मुंह पर सटा दिया था तुरंत होठों पर फोड़े उग आए तड़पता हुआ -चीखता हुआ धर से बाहर दौड़ गया वह पास के पोखर में छलांग लगा दी पानी की ठंड़क से कुछ राहत हुई तकिया का गिलाफ धोने के लिए निकालने पर सौतेली मां ने उसमें रोटी के टुकड़े देखे । जरूर रोटी चुराकर खाता है।भीखम उसी की सजा थी यह गांव की पगडंड़ी पर पागलों की तरह भागता वह सड़क पर जा पहुंचा । सेना की गाड़ी खड़ी थी । फौजियों के सामान लद रहे थे। नजर बचाकर वह सामानों के बीच दुबक गया।

रास्ते भर उठा पटक करती गाड़ी रह रहकर होठों का फोड़ा टीसता कभी सुबकता कभी चुप। कभी किसी बक्से के कोने से चोट लगती तो कभी कोई झोना सर पर गिरता । छः सात घंटे बाद गाड़ी रूकी चाय पानी के लिए। फौजी उतरे खलासी ने पीछे की डिक्की खोला भीखम पर नजर पड़ी। एक बक्से पर दोनों घुटने मोड़कर सो रहा था। घसीटकर निकाला ।।

कौन है रे।।

मारना मत भैया अनाथ है, सौतेली मां ने मुंह दाग दिया । हमें भी ले चलों अपने साथ।

भीखम का सूजा चेहरा और भयानक लग रहा था चाहकर भी खालासी तमाचे न लगा सका तभी चार फौजी आ गए

ऐ कौन हो जी?

भैया मारो नहीं, हम भीखम - अनाथ । सेवा करेगें जो कहो करेगें।

लेकिन हम लोगों तो वार्डर पर जा रहे । लड़ाई चल रही बहुत ढंठ है । हड्डी गल जाएगी तेरी।।

मेरे बाप की नयी जोरू ने कभी ओढ़ना नहीं दिया ये हड्डी गलने वाली नहीं बाबू।।

उस बियाब्बान चंगल में भीखम को अकेला छोड़ देना मुनासिब न लगा। फौजियों ने उसे गाड़ी पर चढ़ा लिया।

रास्ते भर भीखम कभी एक फौजी के पैर के पास तो कभी दूसरे के पांव के पर बैठता।

पैर दवा दें साहब। उत्तर की प्रतीक्षा किये बिना पैर दबाने लगता।

माथा चीप दे बाबू ? जबरदस्ती खड़े होकर चम्पी भी करने लगता । भीखम ने पूछा

लाड़ई शुरू है साहब हम तो मर मर कर रोज जिन्दा रहे धरती मइया के लिए मर जाते तो पुन्नः हो जाता ।

कौन कहता है ऐसा ?

गांव के मास्टर जी

क्या कहते थे ?

कहते थे फौजी ही भारत माता के सपूत हैं और कहते थे कि फौजी होने के लिए दुसरा कलेजा होता है।

कैसा कलेजा भीखम?

वैसा जैसा बजरंगबली का चीरकर दिखाएं तो भारत माता दिखें - हाथ में तिरंगा लिये ।।

फौजी की बत से भीखम के जख्मी होठों से मानों फूल बरस रहे थे । तीन दिनों के सफर में ही भीखम सबका अपना सा हो गया ।

धीरे -धीरे जंगल हरियाली सब छुट गए सन्नाटा - खाली सड़क चारों तरफ बर्फ ।

सैनिको के तम्बु ।

भीखम गाड़ी से उतरा वर्फीली हवा की ठंड़ी छुवन से उसके होठों की शितलता मिली फफोली में ठंढक ओडे एक फौजी उसे लेकर मेजर साहब के पास गया ।

रास्ते में घायल मिला था यह अनाथ है।

अनुमति हो तो तम्बुओ में सफाई के लिए रख ले?

दोनों हाथ जोड़कर खड़ा था भीखम गालों पर आंसु की धार

मेजर साहब ने पुछा-

कहां घर है?



कही नही,

अपना कोई ?

कोई नही, अच्छा ठीक है।

फौजियों का रसोइया था करीम खान । उसी के साथ लग गया भीखम चटान पर पत्थर के टुकडे से घरड़-घरड़ मसाला रगड़ता तो कान खडे हो जाते फौजियों के कही गोलियां तो नही खड़क रही रात होती तो एक एक फौजी के तलवे में कड़वे तेल की मालिश करता

बाप रे पैर तो एकदम बरफ का सिल्ली है साहब धंटा भर मलेगें तब जाकर होगा गरम ?

वहीं देखा था भीखम ने कि



जब मुल्क सोता है तो फौजी लोग चार चार आंखों से देखते हैं। एक एक जैसे वीर भगत। मरने की होड़। हर रोज घायलों की गाड़ी से एक दो सैनिक आते तिरंगे से लिपटे।

अरे सुबह ही तो कड़क चाय पिलाये थे इनको। अभी इतने ठंड़े कैसे?

भीखम को यकीन न होता।

तेल लाकर मलने लगता था पैर में। गांव की देवी माई से मन्नत मांगता।

हे भगवान इनकी माई कैसे जियेगी। सर पटक पटक रोता भीखम।

चौबिसों घंटे गोली की धांय धांय गूंजती वादियों में। कभी दूर धमाका होता तो बर्फ की चट्टानों से जमी धरती भी दरक जाती। बिल्ली चूहे का खेल होता सरहद तक। जैसे गांव में आइस पाइस- धप्पा और धांय।

कैसा ड़रावना माहौल अगर भीखम मस्त।

सैनिक घरों से आयी चिट्ठियां पढ़चे तो भीखम उनके चेहरे पढ़ता। उसे खूब पता था मां की चिट्ठी रूलाती है, घरवाली की तड़पाती है भाई का खत कलेजा मरोड़ता है। आंसू, मुस्कान,बेबसी सबकुछ नजर आता था उसको।

करीब के संग रहकर भी भीखम उस्ताद हो गया था खाना बनाने में

उसी बनाई दाल तरकारी चाट चाट कर खाते फौजी।

भीखम तुम तो घर की याद दिला देते हो।

आपलोग इत्ता भारी काम संभालते हो। ड़टकर खायेंगे नहीं तो कैसे होगा।

न जाने कितने बटालियनों के लिए भीखम ने खाना बनाया? एक रोज सुबह की चाय पिला रहा था भीखम फौजियों को।

भीखम तुम कभी घर नहीं जाते।

कहां जाएं साहब, मेरा कोई नहीं।

कोई तो होगा?

बाप है, दूसरी जोरू के साथ रहता है। एक साथी था लखन। उसकी मां कभी कभी खाना खिलाती थी मुझे। कभी नहीं जाना मुझे गांव। यहीं ठीक है साहब। धरती मइया का साक्षात दरसन होता है यहां।

तुम्हें बंदूक चलाना आता है

नहीं लेकिन फौजी बाबू को रोज देखते हैं। जरूरत लगे तो चला भी लेंगे साहब

और तभी तंबू के चारों तरफ से गोलियों की बौछार की आवाज। अफरा-तफरी

लगता था कुछ आतंकी वेष बदलकर उस ओर आ पहुंचे थे। फौजी जबावी हमला करते थे। गोलियां थमी। चारों ओर लाशें बिछी थी। नकाबपोश थे।

मेजर दिलीप सिंह बुखार में पड़े थे। कई बार पानी की पट्टी दी थी भीखम ने।

अचानक देखा भीखम ने एक नकाबपोश मेजर की ओर बढ़ रहा था। दीवार पर टंगी बंदूक खींचा और भीखण ने दनदन गोली दाग दी। गिर पड़ा नकाबपोश मगर मुड़कर भीखम की ओर निशाना दाग दिया। पैर छलनी हो गया। खून बह निकला। मेजर अवाक, फौजी दौड़ पड़े। यहां माजरा साफ था। फौजियों ने उसे कंधे पर उठा लिया। सच्चे बहादुर हो तुम भीखण। मेजर साहब की जान बचाई।

भीखम के पैर में जहर फैल गया। पैर काटने की नौबत आ गयी। तीन महीने बाद वैसाखी लेकर निकला।

तुम अपने गांव चले जाओ भीखम, साहब का हुक्म था। लेकिन कहां जाएं।

कागज बनाकर दे देते हैं। सरकार मुआवजा देती रहेगी।

फौजियों ने ट्रेन में बैठा दिया भीखम को। एक एक से गले लग रोया था वह। मानों कालापानी की सजा भुगतने जाता हो।

अपने गांव के स्टेशन के पास उतरा। सबसे पहले उसी पोखर के पास गया जहां फफोलों की जलन से व्याकुल। किसी ने नहीं पहचाना उसे। आखिर चालीस सालों बाद लौटा था। उसके खपरैल की जगह दो मंजिला मकान था। फाटक के पार खड़ा हुआ तो एक विधवा स्त्री ने ड़पट दिया। सोचा कोई लंगड़ा भिखारी है। बाप की जोरू को पहचान गया था वह।

भूखा प्यासा मंदिर पहुंचा। एक भलामानुष भिखमंगों को बैठाकर खिचड़ी खिला रहा था। उसे भी खिचड़ी परोसी गयी।

उसके बाद गांव में अपना आपबीती जिसे कहता, हंसने लगता। मानने की बात तो दूर।

भीखंम को सरकार से मिलना था। मगर कैसे।

बस में बैठा। शहर पहुंचा, कोई ठिकाना नहीं सेक्रेटेरियट तक आया। बड़ा सा फाटक। सिपाहिओं की भीड़। खड़ा तक ना होने देते थे।

उन फौजियों और इन सिपाहियों में कितना अंतर था। वे धरती मां की सेवा में जुटे थे और ये।

भीखम को सरकार का दर्शन न हो सका। तीन बरस बीत गये। अब तक बरगद गाछ के नीचे बैठा संत सा दिखता है।

नहीं चाहिए मुआवजा। अब भी तिरंगा फहराता है। अपने साथियों को अपनी अंतिम इच्छा बता रखा है। कहता है

जो सरहद पर सेवा करते हैं तिरंगा ओढ़कर अंतिम यात्रा करते हैं।

वह मर जाए तो उसकी पोटली में रखा तिरंगा उसे ओढ़ाया जाए।

और धरती की माटी का लेप लगाया जाए।

उस रात काफी ओला गिरा। भीखम सोया तो सोया ही रह गया।

पलटू, बिगन, बीरू सारे उसके साथी बरगद पर माथा पटक पटक कर रोये। दूर खड़े सिपाही देखते रहे। भीखम पर तिरंगा ओढाया गया तो वे दौड़े आये।

अरे यह क्या कर रहे हो तुम सब।

भिखमंगे पर झंड़ा ड़ालते हो। हटाओ जल्दी।

नहीं हटेगा तिरंगा, सारे साथी एक साथ चिल्लाए।

क्यों नहीं हटेगा

यह सरहद का सिपाही है।

उसकी पोटली में से एक कागज निकालकर सिपाही जी को थमा दिया

लिखा था, भीखम सिंह, पिता माधो सिंह, सिख बटालियन में सेवा करते अपना पैर गवां बैठा। इन्हें उचित सरकारी मुआवजा प्रदान किया जाए।

भारत सरकार की मुहर लगी थी.

सेक्रेटेरियट के फाटक पर लाल बत्ती वाली गाड़ी खड़ी थी। काला शीशा। थोड़ा सा उतरा हुपआ। तमासा का जायका लेने को एक जोड़ी आंखें, उधर ही गड़ी थी।



## शहर >> अपडेट

### बाल विद्यापीठ के बच्चों ने निकाला तिरंगा यात्रा

**पाकुड़ :** आजादी के अमृत महा उत्सव के अवसर पर एस रहमानिया एकाडेमी मनीरामपुर के छात्र-छात्राओं ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की सफलता के लिए जागरूकता हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए सभी लोगों से घर में तिरंगा लगाने का आह्वान किया। तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर छात्रों ने निकाली रैली देश इस वर्ष स्वतंत्रता की 77 वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। लोगों में देशभक्ति की भावना जगाने के उद्देश्य से पदाधिकारी ,कर्मचारी से लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए जागरूकता हेतु तिरंगा यात्रा का आयोजन कर रहा है। स्थानीय बाल विद्यापीठ के छात्र लगातार दूसरे दिन तिरंगा यात्रा निकाल कर गली मुहल्ले में नारे लगाते हुए लोगों से घर में तिरंगा लगाने का आह्वान किया।

### लोगों ने लगाया अपने अपने घरों में झंडा

**गिद्दी :** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत कोयलांचल सहित ग्रामीण इलाकों में आमलोगों द्वारा अपने-अपने मकानों के ऊपर तिरंगा झंडा फहराया गया।रेलीगढ़ा पश्चिमी पंचायत में मुखिया गुंजन साव के नेतृत्व में बाइक से तिरंगा यात्रा काली मंदिर रेलीगढ़ा से निकाला गया।गिद्दी, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी, अरगड्डा, सिरका डाड़ी,होसिर, रिकवा,कनकी,कंजगी, बुमरी, चपरी,हेसला आदि क्षेत्रों में आम नागरिकों द्वारा हर घर तिरंगा के तहत अपने अपने मकान के छतो पर तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 'मेरे घर आ के तो देखो' कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो :** हम सभी देश के हालात से वाकिफ हैं। देश में हर तरफ, घृणा, हिंसा, और नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। भारत एक प्राचीन सभ्यता और संस्कृति का देश रहा है। यहां हर, रंग, भाषा, भुगोल, धर्म और संस्कृति के लोग वर्षों से रह रहे हैं। पन्द्रह सौ से ज्यादा भाषा और बोलियां बोली जाती हैं, लेकिन कुछ लोग इस देश को एक ही, भाषा, रंग से देश को रंग देना चाहते हैं जो असंभव है। आज देश भर के सहमाना संगठन व्यक्ति, समूह, लेखक, वकील, पत्रकार,बुद्धिजीवी सभी एक जुट होकर एक अभियान चला रहे हैं 'मेरे घर आ के तो देखो' यह अभियान 15 अगस्त से राष्ट्रीय स्तर पर आगाज किया जाना है जो गांधी जयंती 02 अक्तूबर तक चलेगा। झारखंड में भी सिविल सोसाइटी और लगभग सभी जन संगठन इस अभियान में जुड़कर झारखंड में बढ़ते नफरत के माहौल को प्यार और मोहब्बत में बदलने के लिए इस अभियान से जुड़े रहे हैं। यूनाइटेड मिल्ली फोरम,शोषित मुक्ति वाहिनी, कारवां ए मोहब्बत भी इस अभियान में जुड़कर समाज में मोहब्बत का पैगाम देना चाहती है। हमलोग दूसरे सभी संगठनों,आम जनता से भी अनुरोध करते हैं कि इस अभियान से जुडें। इस अभियान का लक्ष्य समाज में एकता एंव प्रेम को बढ़ाना और जाति धर्म क्षेत्र भाषा,लैंगिकता,वर्ग के आधार पर जो समाज में बंटवारे हैं उनको दिल से दूर करने का प्रयास है। शोमुवा और यू.एम.एफ. के कार्यकर्ता 15 अगस्त को अभियान के तहत अपने पड़ोसियों हिंदू,मुस्लिम,सिख,ईसाई,आदिवासी,दलित परिवारों के घर चाय,नाश्ता,खाना,के दौरान एक दूसरे से संवाद स्थापित करेंगे। यह अभियान पूरे राष्ट्र में चलाया जा रहा है। बेरमो अनुमंडल में यूनाइटेड मिल्ली फोरम और शोमुवा, कारवां के साथी अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

---

**अमृत महोत्सव** आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर बेरमो में ऊत्सह का माहौल

# 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का भव्य आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा:** कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के हिस्से के रूप में महाप्रबंधक कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'पंच प्रण शपथ' दिलाई। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे और उन्होंने शपथ ली। 'मेरी माटी मेरा देश-मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन' का आयोजन सभी परियोजना एवं इकाई में परियोजना पदाधिकारी एवं वरिष्ठम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गयो सभी कार्मिक अधिकारियों की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही 'मेरी माटी मेरा देश' देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा की याद में भारत की मिट्टी और वीरता के एकीकृत उत्सव की कल्पना करता है। अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करके, मेरा माटी मेरा देश अभियान राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा और भावी पीढ़ियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा करने के लिए प्रेरित करेगा।

मेरी माटी मेरा देश पंचायत/ग्राम ब्लॉक, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समारोह आयोजित करके देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि देने का एक अवसर है।कथारा क्षेत्र के द्वारा सभी श्रमिको, अधिकारियों, श्रमिक प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों के लिए हर घर तिरंगा एवं 'मेरी माटी मेरा देश' के लिए सेल्फी पॉइंट की व्यवस्था की गयी है इसी कड़ी में सीसीएल, कथारा क्षेत्र के सी एस आर अधिकारी चन्दन कुमार के द्वारा राजेंद्र हाई स्कूल, जरंगडीह में सभी छात्र- छात्राओ को 'पंच प्रण शपथ' दिलाया गया तथा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी लगाया गया । मेरी माटी मेरा देश-मिट्टी को नमन, वीरों को वंदनह्न का मुख्य उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्थानीय लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना है ताकि लोगों को तिरंगे को घर लाने और गर्व के साथ फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। स्वतंत्रता के 77वें वर्ष को चिह्नित करने के लिए। स्वतंत्रता के 77वें वर्ष में एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक रूप से ध्वज को घर लाना न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक है, बल्कि राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। इस पहल के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

### आजादी के अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन



**चितरपुर :** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) के तहत आजादी का अमृत महोत्सव तथा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर यह कार्यक्रम का आयोजन किया हमारे लिए गर्व की बात है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से समाज तथा छात्र-छात्राओं में राष्ट्र भावना जागृत होती है। तिरंगा यात्रा सुबह 11 बजे महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर चितरपुर मेन रोड तक गयी तथा पुनः महाविद्यालय परिसर में 12 बजे यात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. उत्तम कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो. मनोज झा, प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो. निरंजन महतो, प्रो. अंजनी करमाली, प्रो. कुररुतलेंन, प्रो. निकहत परवीन, प्रो. शाहनवाज खान, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. शबाना अंजुम, प्रो. हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, सोनू कुमार, राजेश तिवारी, सुनील कुमार उपस्थित थे।

## चन्द्रपुरा स्टेशन पर ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत



राष्ट्रीय खबर

**चंद्रपुरा :** चंद्रपुरा जंक्शन के प्लेट फॉर्म नंबर दो पर हटिया आनंद बिहार ट्रेन की चपेट मे आने से शैलेश कुमार नामक व्यक्ति की मौत हो गयी , शैदलेश कुमार हटिया आनंद बिहार के पनेटरी मे काम करता था, चंद्रपुरा जंक्शन के दो नंबर प्लेट फॉर्म पर ट्रेन रुकने के बाद शैलेश कुमार किसी काम से ट्रेन से नीचे उतरा , ट्रेन खुलने के बाद जब वो ट्रेन मे चढ़ने की कोशिश कर रहा था तभी उसका पैर फिसल गया और वो ट्रेन की चपेट मे आ गया। जिस कारण उसकी मौत हो गयी, रेल पुलिस ने शव को डीवीसी मर्चरी




हाउस मे रखवा दिया है। आज उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया।

## 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण





राष्ट्रीय खबर

**गिद्दी :** डाडी प्रखंड अंतर्गत डाडी पंचायत के मुखिया लखनलाल महतो द्वारा केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार अपनी माटी, अपना देश कार्यक्रम को गांव से लेकर प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता के हाथों स्वीकार किया गया. वहीं मुखिया ने कहा कि जिस मिट्टी के कण-कण में देशभक्ति का जज्बा बसा हो, वह मिट्टी अब अमृत कलश के साथ नई दिल्ली जाएगी। केंद्र सरकार के नए नवाचार के तहत मेरी माटी,मेरा देश के मंगल गीतों के साथ अमृत वाटिका के लिए कलश में मिट्टी एकत्रित की गई और उस कलश के साथ सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के बच्चे, बच्चियां साथ में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं,उसके अलावा पंचायत सचिव, बीपीएम, बीएलओ, स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस की महिलाएँ तथा पंचायत के सभी वार्ड सदस्य सभी एक साथ झारखंड की संस्कृति का ख्याल रखते हुए ढोल-नगाड़ा, मांदर की थाप पर थिरकते हुए प्रखंड मुख्यालय तक कलश को पहुंचाया गया.मौके पर उपस्थित लाल बहादुर महथा,महेश ठाकुर,सुबोध कुमार,अर्जुन महतो, राजकुमार लाल आदि लोग मौजूद थे।

## आंदोलनकारी नेता काली बाबू की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रजरप्पा :** आंदोलनकारी सह झामुमो संस्थापक सदस्य काली प्रसाद चक्रवर्ती की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर एक दिन पूर्व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसे निजाम सेवा ट्रस्ट के द्वारा मुफ्त चिकित्सा एवं मरीजों का इलाज कर उन्हें जांच उपरांत उन्हें सलाह दी गई । और साथ ही मुफ्त में दवाएं बांटी गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर आनंद कुमार एवं डॉक्टर अनुजा डॉक्टर वसीम साथ उनके टीम में संदीप कुमार अमित कुमार सुभाष कुमार ने इस शिविर में सहयोग की शिविर के पूर्व सभी लोगों ने काली बाबू की तस्वीर पर फूल एवं अगरबत्ती दिखा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। एवं 1 मिनट का मौन रखकर उनके द्वारा किए गए ।सामाजिक कार्यो को याद किए गए ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मानवाधिकार सहयोग संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत करमाली ,कर्नल एकेडमी के संस्थापक करनल विवेक , दिनानाथ सिंह मुंडा, जिम्मी रिविट , मुकेश सिंह, मृत्युंजय पोद्दार, तपन कुमार अनुज सिंह ,देवानंद महतो,रवि शंकर करमाली, ने शिविर में सहयोग किए लगभग 300सो ग्रामीणों का जांच एवं इलाज कर मुफ्त दवाई दी गई कार्यक्रम क्या आयोजन सुनील राज चक्रवर्ती ने कहा की हर वर्ष की भांति पिताजी की तीसरी पुण्यतिथि पर हम लोग उनके दिए हुए रास्ते पर चलकर सामाजिक कार्यों को उनकी याद पर बढ़-चढ़कर करेंगे और कल दिन के 12:00 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें सभी झारखंड आंदोलनकारी समाजसेवी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित होंगे इस कार्यक्रम में आप सभी को सादर आमंत्रित किया जाता है।

## झंडोत्तोलन का तैयारी जोरों पर



राष्ट्रीय खबर

**तेनुघाट :** अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में 15 अगस्त पूरे धूमधाम से मनाने के लिए लोग तैयार हैं । जिसे लेकर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम कुछ इस प्रकार से है जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा व्यवहार न्यायालय तेनुघाट परिसर में सुबह 8:30 बजे, अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आवास पर सुबह 8:00 बजे, शहीद पार्क 8:20 बजे, चिल्ड्रन पार्क 9:00 बजे और अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10:00 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आवास पर सुबह 7:45 बजे और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 10:15 बजे, तेनुघाट उपकारा में उपकारा अधीक्षक द्वारा 10:40 बजे, पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह के द्वारा पुलिस निरीक्षक कार्यालय तेनुघाट में 10:25 पर और मोहन गांझू चौक पर 10:55 बजे, तेनुघाट ओपी प्रभारी सुनील कुमार के द्वारा ओपी परिसर मे 8:15 पर, अधिवक्ता संघ कार्यालय पर अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो के द्वारा 8:45 पर, तेनुघाट डिग्री कॉलेज में प्राचार्य के द्वारा, तेनुघाट इंटर कॉलेज में प्राचार्य के द्वारा, जवाहर नवोदय विद्यालय तेनुघाट प्राचार्य के द्वारा, डीएवी पब्लिक स्कूल तेनुघाट में प्राचार्य के द्वारा, किरण बेबीज पैराडाइज तेनुघाट में विद्यालय के सचिव अजीत कुमार लाल के द्वारा, प्रेस क्लब, सहित अन्य शिक्षण संस्थानों पर भी झंडोतोलानु कार्यक्रम किया जाएगा ।

## क्रॉस कंट्री दौड़ में ब्रेंटियस मरांडी ने मारी बाजी




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** 77 वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिन पर जिला प्रशासन द्वारा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ की शुरूआत सोमवार को गांधी चौक पाकुड़ से हुई। इस दौड़ को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। क्रॉस कंट्री दौड़ में काफी संख्या में लड़कों, लड़कियां एवं जिला प्रशासन के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया। मैराथन दौड़ गांधी चौक से शुरू होकर सोनाजोड़ी और वहां से अनुमंडल कार्यालय आकर समाप्त हुई। प्रतिभागियों के साथ उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रुचि बरणवाल, पुलिस अधीक्षक एच.पी जनार्दनन, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रशासक,नगर परिषद कोशलेश यादव, पाकुड़ बीडीओ मो० सफीक आलम,अंचलाधिकारी आलोक वरण केसरी, पाकुड़ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज,जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार भी दौड़ में शामिल हुए। कुल 10 किलोमीटर की दौड़ में प्रथम स्थान ब्रेंटियस मरांडी ने अर्जित की। इन्होंने 40 मिनट 24 सेकंड में दौड़ पूरी की।

वहीं द्वितीय रंजीत किस्कु ने 40 मिनट 42 सेकंड व तृतीय स्थान अभिषेक कुमार ने 40 मिनट 8 सेकंड में पूरी की। वहीं गर्ल्स में संगीता मरांडी ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान मुस्कान कुमारी, तृतीय स्थान रिया कुमारी ने अर्जित की। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन जिले के लिए सुखद और देश की आजादी के दिन को याद दिलाता है। आने वाले समय में ऐसे आयोजन और बेहतर हो इसको सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौड़ के आयोजन का मकसद देश के लिए युवाओं को उनके दायित्व के लिए जागृत करना है। समाज में एकता व सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे इसके लिए हम सबों को मिलकर प्रयास करना होगा। मौके पर रुचि बरणवाल ने उपस्थित युवाओं और खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकुड़ में यह बहुत बेहतर प्रयास है हमारी कोशिश होगी कि इस दौड़ प्रतियोगिता में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित कराई जाए।

### जमीन विवाद के मामले में दो पक्षों में जमकर मारपीट
### एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र के हाथमारा पोचरा में दोपहर 12 बजे के लगभग जमीन विवाद की वर्चस्व की लड़ाई में दो गुटों की बीच जमकर मारपीट हुई । साथ ही कई राउंड गोलियां भी चली । जिसमें एक पक्ष के दो लोगों को गोली लगी । जैसे ही गोली चली क्षेत्र के लोग जमा हो गए और गोली चलाने वाले पक्ष के लोगो को घेर लिया । इसमें एक पक्ष के तीन लोगो को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया ।बाकी लोग मौके से फरार हो गए । वही घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल पवन कुमार यादव और जानकी यादव को अस्पताल भेजा , जहां इलाज के दौरान जानकी यादव की मृत्यु हो गई । पुलिस द्वारा मौका ए वारदात पर एक पिस्टल और दो गोली का खोखा बरामद किया । साथ ही दो कार और एक जेसीबी को भी बरामद किया गया । घटना की सूचना पर सूचना के बाद एसडीपीओ रामगढ़ किशोर कुमार रजक, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार ,वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी बलवंत दुबे मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार सहित कई पुलिस के अधिकारी पहुंच कर घटना स्थल में उग्र ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया ।

संपादकीय

## स्वतंत्रता के मूल से हटाने का प्रतिरोध जरूरी

भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास कोई थाली में परोसी हुई वस्तु नहीं रही है। इसे काफी लंबे संघर्ष और वलिदान के बाद ही हासिल किया गया है। अब इतिहास का पुनर्लेखन करने की जिम्मदारी उठाने वाले इसके बारे में अलग अलग तर्क देकर उस रक्तरंजित इतिहास को सफेद पन्नों में तब्दील करना चाहते हैं, जिसमें लाखों शहीदों का खून शामिल है। हमें इससे सजग होना होगा। यह गलत नहीं है कि हम किसी भी अपनी मान्यता से भिन्न विचारधारा को सुने। हर किसी की सुनने से तर्कशीलता बढ़ती है। इसमें सिर्फ यह सामाजिक शिक्षा जरूरी है कि हर सूचना को हम अपनी कसौटी पर जांचे परखें। वर्तमान में देश की हालत कुछ ऐसी हो गयी है कि समाज का एक बड़ा वर्ग सोचने समझे की शक्ति खो चुका है। सबसे अधिक वैसे लोग हैं, जो पड़ोसी के घर में आग लगने का तर्क देकर इससे बचने की कोशिश करते हैं। यह दरअसल समाज को पंगु बनाने की एक गहरी साजिश है। अभी चंद लोगों पर यह प्रयोग चल रहा है और धीरे धीरे जैसे जैसे ताकत बढ़ती जाएगी लोगों के दमन और बहस की गुंजाइश खत्म कर दी जाएगी।




भारतीय स्वतंत्रता को कायम रखने में भारतीय संविधान का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए संविधान में वर्णित मूलभूत सिद्धांतों से अलग छेड़छाड़ होता है तो यह दरअसल भारतीय अस्मिता के साथ खिलवाड़ ही है, इस बात को हर किसी को गांठ बांध लेना चाहिए। लोकतंत्र में अलग अलग विचारधाराओं की गुंजाइश इसी सोच के साथ बनायी गयी है ताकि हम अपने आप में निरंतर सुधार कर सकें। यह दिन भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1947 में इस दिन देश ने अंग्रेजी शासन से आजादी हासिल की थी। स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने कैसे शक्ति, संघर्ष और संकल्प से स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी थी। यह दिन हमें देशभक्ति, साहस और समर्पण के महत्व को समझाता है। अब उस इतिहास को भूलाने से हम ठीक पाकिस्तान जैसी स्थिति में पहुंच जाएंगे, जिसने अपनी इतिहास और विरासत को भूलाकर अपनी अगली पीढ़ियों को जड़ों से काट दिया। उसका नतीजा क्या है, यह हम देख रहे हैं। दूसरी तरफ इतिहास की गलत व्याख्या का नतीजा यह देश मणिपुर में देख रहा है। इस तरीके से हमारे पास अनेक ऐसे उदाहरण मौजूद हैं, जो हमें यह बताते हैं कि स्वतंत्रता प्राप्ति का काम कोई लॉटरी खुलने जैसा नहीं था। गुजरे दशकों में हासिल हुई अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित होना स्वाभाविक ही है। दो सौ साल तक ब्रिटिश उपनिवेशवाद का दंश झेलने के बाद देश आर्थिक रूप से लगभग जर्जर अवस्था में पहुंच गया था। धार्मिक आधार पर हुए देश के बंटवारे और उस क्रम में हुई हिंसा ने देश में अभूतपूर्व सांप्रदायिक संकट खड़ा कर दिया। वैसे गहन चुनौती से भरे माहौल में 15 अगस्त 1947 को भारतवासियों ने सदियों के बाद स्वतंत्र माहौल में सांस लेते हुए सूरज की पहली किरणें देखीं। वहां से नियति से मिलन की जो यात्रा शुरू हुई, उसकी कुछ मंजिलें भले अभी भी दूर हों, मगर हमने उसमें कई अहम मुकामों को हासिल किया है। वैश्विक महामारी का अनुभव इस स्वतंत्र देश ने पहली बार किया और जाना कि कई बार भीषण संकट बिना किसी पूर्व सूचना के भी आती है जब सरकारी व्यवस्थाएं भी पूरी तरह ध्वस्त हो जाती है। लेकिन हमने यह भी देखा कि इस संकट काल में जब सरकार लाचार था, जनता ने एक दूसरे का हाथ थामा और सहारा दिया। उस वक्त हमने जात, धर्म और क्षेत्रवाद से परहेज किया। यही असली भारतवर्ष है। लाल किले से प्रधानमंत्री का संबोधन आम भाषण नहीं होता। बल्कि राष्ट्रीय गौरव के अवसर पर यह राष्ट्र के सामने उसके नेता का उद्बोधन होता है। देश इसके जरिए यह जानने की अपेक्षा रखता है कि संवैधानिक उद्देश्यों को पूरा करने को लेकर राजनीतिक नेतृत्व की सोच क्या है? लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने के मूल विषय पर इस बार जिस तरीके से नरेंद्र मोदी ने लापरवाही और उदासीनता दिखायी है, उससे कई सवाल खड़े हो गये हैं और देश में मोदी की लोकप्रियता को भी चोट पहुंची है।दरअसल हमें बार बार इस बात को याद रखना होगा कि भारतीय संविधान में निहित लक्ष्य हमारे राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान विकसित हुए। सबके लिए न्याय, सभी नागरिकों की बुनियादी स्वतंत्रताओं को सुनिश्चित करना और सबको समान अवसर मुहैया कराना इनमें सर्वप्रमुख हैं। इन्हीं मकसदों ने हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य को विशेष स्वरूप दिया है। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई हर सरकार इन उद्देश्यों से बंधी होती है। अपने कार्यकाल में इन मकसदों को हासिल करने की दिशा में वह कितनी आगे बढ़ी, यही उसके मूल्यांकन की कसौटी रही है। हमारी राजनीतिक समझदारी का लोहा सारी दुनिया ने माना है। स्वतंत्रता दिवस वह मौका है, जब हम इसके महत्व पर जोर दें और लगातार गहराई देने का संकल्प लें। सतत जागरूकता ही स्वतंत्रता की गारंटी होती है।

# इतिहास के दर्पण में भारतीय राष्ट्र-ध्वज तिरंगा

राष्ट्रीय ध्वज किसी राष्ट्र एवं देश के गौरव, गरिमा एवं गर्व का हेतु होता है। राष्ट्र-ध्वज राष्ट्रीय स्वाभिमान, शौर्य-पराक्रम एवं सांस्कृतिक परंपरा का द्योतक है। ध्वज में लोक का असीम प्रेम, त्याग एवं समर्पण प्रतिबिम्बित होता है। ध्वज राष्ट्र की पहचान है, प्रतिष्ठा है। ध्वज किसी वस्त्र का टुकड़ा मात्र नहीं होता बल्कि उसके धागे-धागे में राष्ट्रीय अस्मिता, लोक आस्था एवं व्यवहार और इतिहास बोध गुंथा होता है। ध्वज से नागरिकों का रागात्मक आत्मीय सम्बंध होता है। इसीलिए गगनांचल में फहरते ध्वज के दर्शन मात्र से ही तन-मन में नवल शक्ति का संचार और हृदय में अनंत उत्साह का उदय होता है। आकाश पुरुष के वक्षस्थल पर लहराता राष्ट्रध्वज जहां नागरिकों के उर एवं नयनों में हर्षोल्लास, धैर्य एवं निर्भयता उत्पन्न करता है तो वहीं शत्रुओं के दिलों में भय एवं चरणों में कंपन। प्रत्येक देश का अपना एक राष्ट्र ध्वज होता है जो देश की एकता-अखंडता, आशा एवं आकांक्षा को व्यक्त करता है।


**प्रमोद दीक्षित मलय**
स्तंभकार

भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा नाम से विश्व विश्रुत है। तिरंगा के तीन रंग हर नागरिक को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हैं। केसरिया त्याग, प्रेम, साहस, सामर्थ्य एवं बलिदान का पाठ पढ़ा रहा है तो श्वेत रंग शांति, सत्य, अहिंसा, धवलता का सुखद संदेश सुना रहा है। राष्ट्र जीवन में सुख, समृद्धि शुभता की कथा बांचता हरा रंग लोक में सम्पन्नता, हरीतिमा बिखेर रहा है। नील वर्णी चक्र जीवन की गतिशीलता, कर्म सातत्य को इंगित कर चरैवेति के वैदिक उपदेश का घोष कर रहा है। चक्र के चौबीस आरे (तीलियां) जीवन मूल्यों के चौबीस मानक स्तम्भ हैं, वर्ष के पक्ष हैं। यह तिरंगा हर भारतवासी के लिए प्राणों से प्रिय है। तिरंगे का सम्मान प्रत्येक नागरिक के लिए सर्वोपरि है।

भारत के राष्ट्रध्वज तिरंगे के इतिहास एवं विकास पर दृष्टिपात करें तो शताधिक वर्षों के विभिन्न पड़ाव और प्रयास दृष्टिगोचर होते हैं। 1904 में स्वामी विवेकानंद की शिष्या भगिनी निवेदिता ने एक चौकोर ध्वज प्रस्तुत किया, जिसकी लाल पृष्ठभूमि के मध्य में पीले रंग से बज्र अंकित था। बज्र के बायीं ओर वंदे तथा दायीं ओर मातरम् पीले रंग से बांग्ला में लिखा गया था, किनारों पर एक सौ एक ज्योति बनाई गई थीं। हालांकि यह ध्वज बिल्कुल अचर्चित रहा। 7 अगस्त, 1906 को कलकत्ता में बंग-भंग के विरोधी आंदोलन की प्रथम वर्षगांठ पर शचीन्द्र नाथ बोस द्वारा तैयार लाल, पीले, हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियों वाले एक ध्वज को सुरेंद्र नाथ बनर्जी ने फहराया था जिसमें ऊपर की हरी पट्टी में 8 कमल, नीचे की लाल पट्टी में सफेद रंग से सूरज और चांद और बीच की पीली पट्टी में वंदे मातरम लिखा हुआ था। 22 अगस्त, 1907 को मैडम भीकाजी कामा एवं सरदार राणा सिंह द्वारा श्यामजी कृष्ण वर्मा और लाला हरदयाल के सहयोग से निर्मित एक ध्वज पेरिस में फहराया गया। इसमें ऊपर केसरिया पट्टी में आठ कमल, पीले मध्य भाग में वंदे मातरम् और नीचे हरी पट्टी में सफेद रंग से बायीं ओर सूरज और दायीं ओर अर्द्ध चंद्र अंकित थे। यह ध्वज गुजरात में राणा परिवार में आज भी सुरक्षित रखा है?।

वर्ष 1917 में होमरूल आंदोलन के दरमियान एनी बेसेंट और लोकमान्य तिलक ने एक ध्वज फहराया जिसमें ऊपर से क्रमशः पांच लाल और चार हरी क्षैतिज पट्टियां एक के बाद एक जुड़ी थीं। फलक पर आकाश में उगते सप्त ऋषि मंडल के विन्यास पर सात सितारे बनाए गए थे। ऊपर बायें किनारे पर यूनियन जैक तथा दूसरे किनारे पर सफेद रंग से चांद और तारा अंकित किए गए थे। यह सभी प्रयास एक प्रकार से वैयक्तिक थे और इन्हें किसी संस्था या संगठन द्वारा न तो स्वीकृत किया गया और न ही ये ध्वज प्रयोग में लगातार जारी रहे। सन् 1921 में एक गंभीर प्रयास दिखाई देता है। आंध्र प्रदेश में 1876 में नियोगी ब्राह्मण कुल में जन्मे कैंब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक, हीरा खदानों के विशेषज्ञ, कृषि वैज्ञानिक पिंगली वेंकैया ने विश्व के प्रमुख राष्ट्रीय ध्वजों के पांच वर्षों के अपने गहन शोध के पश्चात एक ध्वज बनाकर कांग्रेस के विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश) अधिवेशन में गांधी जी को दिखाया, जिसमें ऊपर लाल और नीचे हरे रंग की दो क्षैतिज पट्टियां थीं। गांधी जी को यह ध्वज पसंद आया और उनके सुझाव पर इसमें सबसे ऊपर एक सफेद पट्टी और जोड़ी गई। यह ध्वज समय-समय पर कांग्रेस के अधिवेशन में फहराया जाता रहा। हालांकि इस ध्वज को भी कांग्रेस द्वारा स्वीकृति नहीं मिली थी। 1931 के कराची अधिवेशन में पिंगली वेंकैया के ध्वज को परिमार्जित कर एक नया ध्वज बनाया गया जिसमें ऊपर केसरिया मध्य में सफेद और नीचे हरे रंग की तीन क्षैतिज पट्टियां थी। बीच के सफेद हिस्से पर गांधी जी का चलायमान चरखा चित्रित किया गया। इसको कांग्रेस ने स्वीकार किया और इसे 'स्वराज ध्वज' नाम से देश भर में पुकारा जाने लगा। यही ध्वज सभी धरना-प्रदर्शनों, प्रभात फेरियों, आंदोलनों और कांग्रेस के अधिवेशन में फहराया जाता रहा। एक प्रकार से यह तिरंगा ध्वज राष्ट्र की चेतना का संवाहक बन गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय संविधान सभा ने जून 1947 में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में झंडा समिति बनाई। 22 जुलाई 1947 को जवाहर लाल नेहरू के प्रस्ताव पर संविधान सभा ने वर्तमान ध्वज को अंगीकृत किया। झंडा समिति के सुझाव पर चरखे के स्थान पर सम्राट अशोक के प्रस्तर स्तम्भ पर उत्कीर्ण धर्मचक्र को स्थान दिया गया जो राष्ट्रजीवन की गतिशीलता एवं नैरंतर्य का प्रतीक है। यह भी ध्यातव्य है कि श्यामलाल गुप्त पार्षद विरचित विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा को 1938 में कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन में अध्यक्ष नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने झंडा गीत घोषित किया था।

भारत के गणतांत्रिक राज्य बनने के बाद 1951 में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा पहली बार एवं पुनः 17 अगस्त, 1968 को तिरंगा ध्वज निर्माण के मानक निश्चित किए गए। ध्वज की लम्बाई एवं चौड़ाई में 3 अनुपात 2 का सम्बंध होता है। तिरंगा ध्वज हाथ से काते गए सूती धागों से निर्मित खादी के वस्त्र से बनाया जाता है। कपास से धागा बुनने से लेकर ध्वज बनाने की प्रक्रिया तक विभिन्न परीक्षण किए जाते हैं। इस खादी कपड़े की बुनाई विशेष और दुर्लभ है। कर्नाटक खादी ग्रामोद्योग संघ, हुबली ही एक मात्र संस्थान है जहां से झंडे निर्माण एवं आपूर्ति किये जाते हैं। प्रति वर्ष देश भर के खादी भंडारों से लगभग चार करोड़ तिरंगा ध्वज बिकते हैं। उद्योगपति नवीन जिंदल के प्रयासों से 26 जनवरी, 2002 से देश के प्रत्येक नागरिक को किसी भी दिन अपने मकान, कार्यालय, कारखानों में तिरंगा फहराने का गौरव प्राप्त हुआ है। पर ध्वज का स्पर्श भूमि, जल एवं फर्श पर नहीं होना चाहिए। तिरंगा से ऊंचा अन्य कोई ध्वज नहीं लगाया जा सकता।

नजरिया

## देश की आजादी में हरियाणा

स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था।


**प्रियंका 'सौरभ'**
स्तंभकार

इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी। स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई।

> **इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी।**

हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। यह पहले पंजाब का हिस्सा था और इसलिए स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का बहुत उल्लेख है, लेकिन लोगों के बलिदान के मामले में हरियाणा के योगदान के रूप में बहुत कम जाना जाता है। हरियाणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को अंबाला से शुरू हुई थी, यहीं पर देशी पैदल सेना के सैनिकों विद्रोह शुरू किया था। उसी दिन मेरठ स्थित देशी पैदल सेना में इसी तरह का विद्रोह किया, यह घटना तेजी से सभी भागों में फैल गई। किसान सैनिक और स्थानीय नेता पिनगवां के मेव सदरुद्दीन स्थानीय नेताओं जैसे राव तुलाराम और उनके चचेरे भाई गोपाल देव के नेतृत्व में एक साथ आए थे। जल्द ही समद खान, जनरल मोहम्मद अजीम बेग, राव किशन सिंह राव, रामलाल सभी मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गए। साधारण, स्थानीय सैनिक और हरियाणा के स्थानीय नेता इस विद्रोह के लिए आगे आये थे, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों के नेताओं ने इस महत्वपूर्ण समय के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। हरियाणा के अन्य हिस्सों की तरह, रोहतक में भी ब्रिटिश राज के सभी प्रतीकों पर हमला किया और खरखोदा के एक बिसरत अली जो अंग्रेजों में एक रिसालदार थे; सबर खान के साथ एक किसान नेता, स्थानीय लोग सभी एक साथ आए और रोहतक तहसील में ब्रिटिश संपत्ति और निवास पर हमला किया। रोहतक के डिप्टी कमिश्नर विलियम लॉज को रोहतक छोड़ना पड़ा लेकिन तहसीलदार बखावर सिंह और थानेदार भूरे खान के काम की मौत हो गई।

## कुम्हार

प्रेरक प्रसंग

एक कुम्हार चिलम बनाया करता था, एक बार वह किसी तीर्थ स्थान पे गया, पूजा आराधना श्रद्धापूर्वक किया, फिर थकान मिटाने के लिए पास में ही रखी एक चौकी पे सो गया। कुम्हार हो नींद में एक सपना आया जिसमें एक देवता उससे पूछ रहे थे की तुम क्या करते हो। कुम्हार ने हाथ जोड़कर कहा की चीलमे बनता हुं।

देवता के कहा जिंदगी भर चीलमे ही बनता रहेगा क्या, घड़ा क्यों नहीं बनाता। तुम्हे पता है चीलमे बनाकर तुम कितने लोगों का स्वास्थ्य का नुक्सान कर रहे हो।

तुम्हारा खानदानी काम मटका बनाना है वह बनाता, बर्तन उपयोगी



होते है। एसा कहकर देवता अदृश्य हो गया, और कुम्हार की भी नींद खुल गयी

नींद खुलने पर कुम्हार स्वप्न की बात को याद करता रहा और उसने चिलम बनाना छोड़ दिया और घड़े बनाना सुरु कर दिया, और फिर उसे कमाई भी दुगनी होने लगी, कुम्हार ने कुछ घड़े पानी भरकर रस्ते में भी रख दिए ताकि आते-जाते प्यासे लोग पानी पी सके, उसे कुम्हार के अंदर एक तृप्तता सी आ गयी वह उत्साह से जीवन जीने लगा।

**कहानी का तात्पर्य**

यह है की हर किसी को अचे कार्य करने के लिए कुछ प्रेरणा मिलती है, वह हमारे ऊपर है की हम उस बात पर अमल करते है की नहीं।

जानकारी

## रात में क्यों बंद किए जाते हैं कपाट



रात में मंदिर के कपाट बंद होने के पीछे का कारण,हमारे हिंदू धर्म शास्त्रों में कई ऐसी बातें लिखी हुई हैं, जिनका हमारे जीवन से किसी न किसी प्रकार से जुड़ाव होता है। शास्त्रों में ऐसे ही कुछ नियम मंदिर से जुड़े बताए गए हैं। इन नियमों का पालन करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसलिए हमेशा मंदिर में स्नान आदि कर स्वच्छ होकर जाना चाहिए, मंदिर में प्रवेश करने के दौरान सीढ़ियों के स्पर्श करें, संध्या और शयन आरती करें और नियमों का पालन करें। इसके बाद शयन आरती के पश्चात मंदिर के कपाटों कों बंद कर देना चाहिए।मंदिर से जुड़े कई ऐसे नियम हैं, जिनका पालन करने से व्यक्ति को मानसिक शांति के साथ ही समृद्धि भी मिलती है। लेकिन इन नियमों को लेकर हमारे मन में कई तरह के सवाल आते हैं। ऐसा ही एक सवाल यह भी है कि आखिर रात में मंदिर के कपाट क्यों बंद किए जाते हैं। अगर आपके मन में भी ऐसा सवाल आता है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर रात में मंदिर के कपाट क्यों बंद किए जाते हैं।

## Redmi 12 5G Amazon पर सेल

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: चाइनीज स्मार्टफोन मेकर Xiaomi ने हाल ही में भारत में Redmi 12 सीरीज लॉन्च की थी। इसमें 4G और 5G वेरिएंट्स शामिल है। इन स्मार्टफोन्स को कस्टमर्स काफी पसंद कर रहे हैं। ई-कॉमर्स साइट Amazon ´fSX Redmi 12 5G इसकी सेल के पहले दिन सबसे अधिक बिकने वाला 5G स्मार्टफोन बन गया है।



इस महीने की शुरूआत में Xiaomi ने घोषणा की थी कि उसने पहली सेल में Redmi 12 सीरीज के तीन लाख से अधिक स्मार्टफोन बेचे हैं। इसमें देश में एमेजॉन, Flipkart, Mi.com और रिटेल स्टोर्स के जरिए हुई सेल्स शामिल थी। हालांकि, स्मार्टफोन्स की इस सीरीज में Redmi 12 5G को काफी पसंद किया जा रहा है। इस वजह से यह एमेजॉन पर सबसे अधिक बिकने वाला 5G स्मार्टफोन बना है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि एमेजॉन पर केवल एक दिन में यह बजट स्मार्टफोन पूरी तरह बिक गया। इसके लिए एमेजॉन को देश भर से ऑर्डर्स मिले थे। इससे यह पता चलता है कि 10,000 रुपये से 15,000 रुपये की प्राइस रेंज में इसकी बड़ी संख्या में बिक्री हो रही है।

Redmi 12 5G में प्रोसेसर के तौर पर Qualcomm Snapdragon4 Gen2 SoC दिया गया है। इसके 6 GB + 128 GB वेरिएंट का प्राइस 12,499 रुपये और 8 GB + 256 GB का 14,499 रुपये है। कंपनी ने अपने Note 12 Pro 5G को नए स्टोरेज और फ्अट कन्फिग्रेशन के साथ भारत में लॉन्च किया है। इस वर्ष की शुरूआत में यह स्मार्टफोन भारत में 6 GB RAM + 128 GB स्टोरेज, 8 GB RAM + 128 GB स्टोरेज और 8 GB RAM + 256 GB वेरिएंट्स में लॉन्च किया गया था। इस स्मार्टफोन का नया वेरिएंट 12 GB के RAM और 256 GB की स्टोरेज के साथ है।

टॉप ट्वीट

"विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। इसके साथ ही यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता है, जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को मेरा शत-शत नमन।"

**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





"रणनीति बालाकोट एंड बियॉन्ड। रियल इंसिडेंट्स से इंस्पायर्ड एक नई सीरीज जल्द आ रही है। इस टीजर में देख सकते हैं कुछ बर्फीली जगहों पर एक के बाद एक कई लड़ाकू विमान आसमान पर नजर आ रहे हैं। इसी के साथ वीडियो के बैकग्राउंड में एक शख्स की आवाज है जो कह रहा है कि, ये एक नया रण है और इसे जीतने के लिए एक नई रणनीति की जरूरत है।"

**लारा दत्ता**
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## राह से भटका विपक्ष

देश में विपक्ष की एकता की गूंज लोकतंत्र के मंदिर में अच्छी लगती है मगर जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए विपक्ष में उतनी ही दृढ़ इच्छाशक्ति और इरादे हो तो बात बनती है लेकिन देखने में आया है कि विपक्ष एकता के बहाने हंगामा ही करता रहा है। लोकसभा सत्र में जिस तरह का हो हल्ला मचा उससे आम आदमी निराश ही हुआ है। मणिपुर के हालातों को लेकर विपक्ष ने देशभर में जिस तरह की बयानबाजीयां कि वह अप्रासंगिक नहीं थी क्योंकि उसे अपनी हैसियत जताना के लिए ऐसा करना जरूरी था मगर दुख और अफसोस की बात यह रही कि प्रधानमंत्री के वक्तव्य को लेकर जिद पर अड़े रहे विपक्ष ने आखिरकार मोदी के मैदान में आते ही बाहर दौड़ लगा दी जो न केवल अनुचित बल्कि विपक्ष के फिजूल हंगामे के मकसद का उदाहरण भी था। मणिपुर को लेकर अगर विपक्ष इतना ही संवेदनशील था तो सदन में बैठकर वक्तव्य सुनकर अपनी बात रखना थी इससे सरकार को भी बात समझने का मौका मिलता। अच्छा तो यही होता कि फिजूल की राजनीति छोड़कर विपक्ष मणिपुर के मुद्दे पर सरकार से बहस करता और नागरिकों की जान माल की सुरक्षा के साथ ही वर्तमान विवाद के समाधान खोजते।विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर-के यह साबित कर दिया है कि हंगामा करना ही उसका मकसद है ऐसे में जनता कैसे उस पर विश्वास करेगी? एकता के साथ ही जन सहानुभूति बटोरने का एक बड़ा अवसर विपक्ष ने जिस तरह गंवाया है शायद इसका अफसोस उसे लंबे समय तक रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### एनएसएस टीम ने मिट्टी इकट्ठा कर दिल्ली भेजा

**इचाक** : इचाक जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक के एन.एस.एस टीम के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको के साथ विद्यार्थियों ने अपने हाथ मे राष्ट्रीय ध्वज लेकर पंच प्रण शपथ लिये। और साथ ही साथ महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने अपने अपने क्षेत्रों से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए माटी लेकर महाविद्यालय पहुंचे और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के मार्गदर्शन में माटी को एकत्रित किया गया ताकि शहीद स्मारक तक पहुँचाया जा सके, और सेल्फी लेकर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने हर घर तिरंगा में वेबसाइट पर तिरंगा लिए सेल्फी अपलोड किए। जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक के एन.एस.एस इकाई के स्वयंसेवको के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विनय कुमार और सचिव श्री शम्भू कुमार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में एन. एस. एस. इकाई के सदस्यों में काफी उत्साह देखने को मिला सभी विद्यार्थियों में अपने देश की महापुरुषों के अमर रहने कामना करते हुए, वन्देमातरम, भारत माता की जय ,वीर शहीद अमर रहे नारा बिना रुके लगा रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी उमेश ठाकुर, महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार, शिक्षक रंजन कुमार, दयानंद यादव, विनय कुमार मेहता, मनोज कुमार स्वयंसेवक सचिन कुमार महतो, ऋतिक कुमार मिश्रा,राज जोशी,नेहा कुमारी, कोमल कुमारी, रानी कुमारी, मोनिका , मनीष कुमार, आदि के साथ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पूर्व पैक्स अध्यक्ष सह राजद नेता का इलाज के दौरान हुआ निधन

**बड़कागांव**: बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द पंचायत पैक्स के पूर्व अध्यक्ष सह राजद नेता 56 वर्षीय फागू यादव का निधन इलाज के दौरान रांची में हो गया। स्वर्गीय यादव कुछ महीने से बीमार चल रहे थे। अंतिम संस्कार पैतृक गांव नापो कला के श्मशान घाट में किया गया। मुखाग्नि बड़ा पुत्र हेमंत यादव ने दी। फागू यादव पत्नी सलमतीया देवी, भाई केदार यादव, पुत्र हेमंत यादव, पीयूष यादव, विक्रम निशांत सहित एक पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निवास स्थान से शव यात्रा निकाली गई जिसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पंचायत के मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, बड़कागांव मुखिया संघ के सचिव सह गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया दीपक दास, राजद प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पूर्व शिक्षक जगदीश साहू, देवनाथ यादव, चंद्रिका साहू, विक्रम साव, चतुरी गोप, कमल यादव, गणेश गोप, मोहन साव, राजकुमार यादव, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, देवनाथ यादव, सुभाष यादव, शंकर यादव, संजय यादव, दुर्जन गोप, जनार्दन साहू, सोना साव, राजेंद्र साहू, कृष्णा यादव, रामविलास यादव, चुरामन महतो, उमेश महतो, कैलाश साव, पुष्कर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेता, पंचायत जनप्रतिनिधि, पत्रकार, समाजक के प्रबुद्ध एवं ग्रामीण लोग शामिल थे।

**दबिश** विष्णुगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सड़क पर बैरियर लगाकर किया छापामारी

# पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर तस्करी को किया गिरफ्तार



- अवैध रूप से गांजा का व्यापार करते है
- करीब चार किलोग्राम गांजा बरामद हुआ

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक हजारीबाग गुप्त सूचना मिली कि हजारीबाग की ओर से लाल रंग मोटरसाईकिल से गांजा तस्कर अवैध रूप से गांजा दारू कि ओर ले जा रहे हैं। त्वारित कार्रवाई करने से पकड़े जा सकते है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ अनुज उरांव के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

गठित छापामारी दल द्वारा झुमरा चौक के पास बैरियर लगाकर हजारीबाग बगोदर मुख्य सड़क पर आने-जाने वाले वाहनों कि सघन चेकिंग प्रारंभ किया गया। चेकिंग के दौरान हजारीबाग की ओर से एक लाल रंग हिरो होण्डा पैशन प्लस मोटरसाईकिल वाहन आते हुए दिखाई दिया, नजदीक आने पर पुलिस बल को देखकर मोटरसाईकिल को तेज रफ्तार कर भागने लगा। छापामारी दल के सदस्यों द्वारा त्वारित कार्रवाई करते हुए उसे मोटरसाईकिल सहित पकड़ लिया गया।

पकड़ाये मोटरसाईकिल सवार से पुछने पर अपना नाम अरुण कुमार उम्र करीब 35 वर्ष पिता बजिर प्रसाद ग्राम वरकाखुर्द थाना ईचाक जिला हजारीबाग बातलाये मोटरसाईकिल एवं उक्त व्यक्ति का सघन तलाशी लेने पर 01. लाल रंग का हिरो होण्डा पैशन प्लास मोटरसाईकिल नंम्बर- 485602 पहने हुए जिंस पैन्ट के दहिने पॉकेट से रियल भी कम्पनी का एण्ड्रायड मोबाईल जिसका क्टएक 862162047355156, क्टएक 2862162047355149 जिसमें एयरटेल कम्पनी का नम्बर 8987640009 एवं जियो कम्पनी का नम्बर 8986661999, 03 पहने हुए जिंस पैन्ट के बाये पॉकेट से गांजा का 5 पुड़िया प्लास्टिक में पैक लगभग 10-10 ग्राम एवं 04. उक्त मोटरसाईकिल के डिक्की से करीब एक-एक किलो का तीन पैकेट ब्राउन रंग के प्लास्टिक में पैक किया हुआ गांजा एवं एक खुला हुआ प्लास्टिक पैकेट जिसमें एक किलाग्राम गांजा कुल करीब चार किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।

कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार करते हुए अरूण कुमार ने बताया कि अवैध रूप से गांजा का व्यापार करते है। और हजारीबाग के आस-पास के क्षेत्रों में बिक्री करते हैं। इस संबंध में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दारू थाना काण्ड सं0-62 / 23 दर्ज कर अभियुक्त अरूण कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं।

## जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप का निरीक्षण करने पहुँचे बीडीओ



राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड के खुखरा पंचायत में सोमवार को जन्म-मृत्यु निबंधन कैंप का आयोजन किया गया।जिसका ओचक निरीक्षण करने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी पहुँचे ओर उपस्थित सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 1 से 5 वर्ष तक के बच्चो को आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा चिन्हित कर फॉर्म भरा जायेगा और बच्चों का प्रमाण पत्र बनाया जाए गा।मौके पर मुखिया सुनैना पाठक, सहित सम्बंधित कर्मी व दजनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा विषय पर विभावि में यात्रा निकाली गई



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन का आदेशानुसार 13-15 अगस्त 2023 तक आयोजित करना था। विश्वविद्यालय ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इस कार्यक्रम को आयोजित कर सभी अमर शहीदों को श्रद्धान्जलि अर्पित किया। इस तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रबन्ध विभाग, वाणिज्य विभाग, मानवविज्ञान विभाग, मनोविज्ञान विभाग, शिक्षा विभाग, सी एन डी विभाग, गृह विज्ञान विभाग, इतिहास विभाग, फिजियोथेरपी विभाग, हिन्दी विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, संस्कृत विभाग, दर्शनशास्त्र, राजनीतिविज्ञान विभाग, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विभाग, रसायन विज्ञान विभाग, अन्ग्रेजी विभाग, भौतिक विज्ञान विभाग, भूगर्भशास्त्र, लाइब्रेरी साइंस विभाग और उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र छात्राओं ने भाग लिये। युसेट एवं यु एल सी के एनएसएस इकाई ने अपने अपने महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी एवं स्वयंसेवकों के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो डॉ मिथिलेश कुमार सिंह के अभिभाषण से हुई। तिरंगा यात्रा सम्बन्धित विभाग से प्रारंभ होते हुए सभी विनोदिनी पार्क में इकट्ठा हुए तत्पश्चात विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से होते हुए आचार्य विनोबा भावे जी के प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव,

## खुखरा थाना क्षेत्र में घर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** 12 अगस्त से 15 अगस्त तक अच्युता नन्द, कमाण्डेन्ट - 154 वाहिनी के निदेर्शानुसार ई / 154 समवाय, के उतरदायित्व के गाँवो में कमशः खुखरा, कमार्टाड, गाधी चौक, भागलपुर महेशडुबा, ताराटांड़, नौकनिया,एवं जहाजपुर में हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश मुहिम के तहत राष्ट्रीय झण्डा तिरंगा को घर-घर जा कर वितरण किया और गांवो के लोगो को इस मुहिम में शामिल किया। जिसके अन्तर्गत उक्त मुहिम के मध्यनजर रखते हुये ई / 154 समवाय के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने गाँव के स्थानीय लोगों के साथ मिलकर राष्ट्रीय झण्डा तिरंगा के साथ गाँवो में घर-घर जाकर रैली कर राष्ट्र के प्रति सद्भावना, राष्ट्रीय अखण्ता बनाये रखने के लिये प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर विजय सिंह मीना (सहा0कमा०) ने बताया कि हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देशह्न हमारे राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का आधर है। हमसब का यह उतरदायित्व है कि हम सब अपने देश की एकता एवं अखण्डता को बनाये रखे। यह आजादी हमे 15 अगस्त 1947 को बहुत सारी कुबार्नी देने के पश्चात प्राप्त किया है।

जिसे हमे एकजुट होकर बरकरार रखना है। इस अवसर पर विजय सिंह मीना, सहा कमा. ई / 154 बटा, के.रि. पु. बल के साथ, अजित कुमार महतो, थाना प्रभारी, गोवर्द्धन रजक उप मुखिया खुखरा, नीरज कुमार वार्ड सदस्य, राजेन्द्र ठाकुर, हीरामन साव, राजेन्द्र प्रसाद के साथ प्रत्येक गाँवो के अन्य गणमान्य बुजुर्ग एवं नोजवान भी उपस्थित थे।

## नदी में बने गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव बदमाही बड़कीनदी विश्रामपुर पुल के निकट बने गड्ढे में नहाने के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। जिसमें नयाटाँड़ निवासी मोहम्मद सगिर के 12 वर्षीय पुत्र फरहान रजा एवं मोहम्मद फरीद के 16 वर्षीय पुत्र अफरोज का नाम शामिल है। सोमवार को अपने घर से नाश्ता करने के बाद पांच युवक एक साथ मिलकर नहाने के लिए उक्त गहरे गड्ढे के पास गए और कूद कर नहाने लगे इसी दौरान 2 युवक गहरे पानी मे डूब गए । जो जल्दी बाहर नहीं आए जिसके बाद बाकी 3 बच्चों ने हल्ला कर ग्रामीण व परिजनों को बताया इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उक्त दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया तब तक उन दोनों बच्चों की मृत्यु हो चुकी थी। मौत की खबर सुनते ही बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

**आयोजन** > विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित, हुआ ट्राफी का वितरण

# स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन संपन्न

>> आयोजन में भाग ले रहे बच्चे व लोग काफी उत्साहित नजर आए



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबागः** हजारीबाग आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पूर्व स्थानीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया गया। यह दौड़ सोमवार के प्रातः 6.30 बजे शुरू हुआ जो कनहरी से कर्जन ग्राउंड के रूट प्लान के आधार पर सम्पन्न किया गया। इस दौरान क्रॉस कंट्री रेस के आयोजन में भाग ले रहे बच्चे व लोग काफी उत्साहित नजर आए।

**सद्भावना दौड़ के विजेता**

कनहरी से कर्जन ग्राउंड मुख्य स्टेडियम तक आयोजित सद्भावना दौड़ के सीनियर बालक वर्ग में राजकुमार-मिल्खा एकेडमी, चंदन कुमार-डेपोर्डिंग, सुमित कुमार-रामनारायण मेमोरियल कॉलेज, कृष यादव, सोनु कुमार-आरएमएम हजारीबग एवं पलामू के जितेन्द्र यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, छठा स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर बालक वर्ग में राजकुमार सिंह-आरक्षित स्कूल, विपिन यादव-संत कोलम्बस कॉलिजिएट स्कूल, अरूण कुमार-मिल्खा एकेडमी, निरंजन कुमार-डीएवी, राहुल कुमार साव-एडीसन पब्लिक स्कूल एवं विदेश लकड़ा-संत कोलम्बस कॉलिजियेट हजारीबाग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, छठा स्थान हासिल किया। जबकि सिनियर बालिका वर्ग में नेहा कुमारी-सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, एलिजाबेद एक्का-सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, संजू कुमारी-संत कोलम्बस कॉलिजिएट स्कूल, दीपिका खलखो-संत किरण स्कूल, रानी कुमारी-सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय एवं मोती कुमारी-केबी हाई स्कूल हजारीबाग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं छठवां स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग में सिमन्ती कुमारी- सीएम उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, रूबी कुमारी-संत कोलम्बा कॉलिजियेट स्कूल, अनोखी कुमारी-संत कोलम्बस कॉलिजियेट स्कूल, उषा कुमारी-संत कोलम्बस कॉलिजियेट स्कूल, जानवी कुमारी-संत किरण हाई स्कूल एवं रानी तिग्गा-संत रॉबर्ट बालिका विद्यालय हजारीबाग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, छठा स्थान हासिल किया। कर्जन ग्राउंड के मुख्य मंच से बालक बालिका वर्ग के विजेताओं को ट्राफी देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। सद्भावना दौड़ में जिला प्रशासन की ओर से ज़िला शिक्षा पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उराव, ओलंपिक एसोसिएशन हजारीबाग के हर्ष अजमेरा, आलोक कुमार, प्रशिक्षक कोलेश्वर गोप, मंसूर आलम, अजीत साहू, चंद्रेश्वर दास सहित अनुकम्पा अरूण्डा, सोनी कुमारी, कुदन कुजूर, संदीप खलखो सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### तिरंगा वितरण अभियान में विधायक मीडिया प्रतिनिधि ने झोंकी ताकत



**हजारीबाग**: हजारीबाग जिला प्रशासन,हजारीबाग द्वारा उपलब्ध कराएं तिरंगा झंडा को जन-जन तक पहचाने और इस तिरंगे के वितरण में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अपनी ताकत झोंक दी। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या उन्होंने हजारीबाग शहर और आसपास के इलाके में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और हर हाथ तक तिरंगे झंडा पहुंचाते हुए इसे अपने घरों में लहराते हुए झंडे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा डॉट कॉम में अपलोड करने का आग्रह किया। रंजन चौधरी के अलावे इस मुहिम में उनके साथ विशेषरूप से विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, मुकेश कुमार सोनी, विधायक कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी महत्ती भूमिका निभाई।

### राष्ट्रीय सेवा योजना पौधारोपण एवं मिट्टी लेकर शपथ लिया पेड़ को बचाएंगे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा



**हजारीबाग** : हजारीबाग कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सोमवार को गोद लिए गांव हरधराबागी बड़कागांव में पौधा रोपण एवं हाथ में मिट्टी लेकर शपथ लिया कि हम सुसंस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण तथा देश को विकास के पथ पर अग्रसर हेतु पंच प्रण का शपथ लिया। प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत यह कार्यक्रम किया गया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार के द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.सुरेश महतो ने किया, इस मौके पर महाविद्यालय के सभी व्याख्याता, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक तथा छात्र -छात्राएं मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
आदिवासी बाल विकास विदयालय, गिंजो ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दशमी देवी, मुखिया, उमेडंडा, पंचायत

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अमजद अंसारी, पछइ ब्रिक्स भट्ठा संचालक, कोटारी, बुढ़मू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर उरांव, समाजसेवी, गुरुगाई, ठाकुरगांव

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन साहू , प्रधानाध्यापक, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय दादगो, उसकू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विजय मुंडा,प्रधानाध्यापक , राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तुरमुली स्कूल

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जुफान खान,समाज सेवी, इंचापीरी, बुढ़मू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मंगलदेव उरांव, प्रधानाध्यापक,राजक ीय कृत प्राथमिक विद्यालय, दारा टोंगरी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनामिका कुमारी, प्रधानाध्यापिका, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटेहे

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रामवृत मुंडा, मुखिया, चकमे पंचायत

## प्रदेश >> अपडेट

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा का मौन जुलूस

**बेरमो /फुसरो :** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा फुसरो नगर कमिटी की ओर फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस से मौन जुलूस निकाली गयी। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर भाजपा फुसरो नगर कमेटी की फुसरो नगर अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में पुराना बीडीओ ऑफिस से बैंक मोड फुसरो तक तिरंगे के साथ मौन जुलूस निकाला। इस दौरान बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि आज के दिन को कोई कैसे भूल सकता है। एक तरफ 14 अगस्त 1947 को अंग्रेजों के गुलामी से आजादी मिल रही थी तो दूसरी ओर धर्म के नाम पर भारत के दो टुकड़े हो रहे थे। यह विभाजन भारत के लिए किसी विभीषिका से कम नहीं थी. इसका दर्द आज भी देश को झेलना पड़ रहा है। अंग्रेजों ने पाकिस्तान को 1947 में भारत से अलग कर एक मुस्लिम देश के रूप में मान्यता दी थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया। कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए प्रेरित करेगा. साथ ही इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विभीषिका को भारतीय इतिहास में न भूले जाने वाली घटना बताते हुए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का आह्वान किया था। मौके पर भाजपा के पूर्व बोकारो जिला अध्यक्ष विनोद महतो व जगरनाथ राम, भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह, फुसरो नगर मंडल महामंत्री रमेश स्वर्णकार, पूर्व वार्ड पार्षद भरत वर्मा, लाल मोहन महतो, यीशु सिन्हा, जितेंद्र सिंह, नवल सिंह, श्रीकांत सिंह, चंदन राम, रामू तांती, सुमन कुमारी, छोटू रवानी, अशोक दास आदि लोग मौजुद थे।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जगजीवन महतो, पूर्व उपप्रमुख, बुढ़मू प्रखंड

भ्रष्टाचार

सरकार के अपने दीपक तले फैला रहा अंधेरा

# मुख्यमंत्री जी आखिर इस दीपक की असलियत कब आएगी आपके सामने

- अच्छे अच्छे अफसरों ने टेक दिये हैं घुटने
- बड़े नेताओँ के नाम का होता है इस्तेमाल
- एक आईपीएस से लिया पंगा तो बात निकला

**दीपक नौरंगी**



**पटना:** राज्य सरकार ने विकास कार्य पर निगरानी रखने के लिए अपने खास कहे जानेवाले एक दीपक को लगा रखा है। वह दीपक प्रकाश देने के बदले पूरे राज्य में भ्रष्टाचार का एक खेल खेल रहा है जिस खेल को सभी जान रहे हैं लेकिन किसी की हिम्मत नहीं है कि राज्य के मुखिया को उसे दीपक के भ्रष्टाचार की पूरी खेल की जानकारी दे पाए। बताया जाता है कई केंद्रीय जांच एजेंसी की नजर उक्त दीपक के कार्य शैली पर है। दीपक का खजाना भर रहा है या किसी और का यह तो चचाएं होती रहती है लेकिन राज्य में एक दीपक काफी सुर्खियों तो जरूर बटोर रहा है इसे इनकार नहीं किया जा सकता है। इस दीपक के लौ से कार्बन डाइआक्साइड नहीं भ्रष्टाचार की गैस निकल रही है। जो भी अधिकारी इस गैस से दूर भागते हैं उन्हें किसी ना किसी रूप में प्रभावित कर दिया जाता है। हालत यह हो गई है कि अधिकारी बिहार छोड़कर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भागने की तैयारी में जुट जाते हैं। आईएएस और आईपीएस में महकमें यह चर्चा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने इस दीपक की लौ को और तेज कर दिया है। इसका मुख्य काम पार्टी फंड के लिए पैसों की वसूली करना रह गया है। यह दीपक अपनी औकात भूलकर पुलिस महकमे के एक वरीय पदाधिकारी से टकरा कोशिश करते रहता है। पुलिस पदाधिकारी पर गलत दबाव बनाने के लिए अनावश्यक रूप से उसे अपने चेंबर में आने का दबाव बनाता था। जिससे कि अधिकारी समझे कि यह राज्य सरकार के मुखिया का सबसे करीबी है। एक दिन उक्त पुलिस पदाधिकारी ने उसके आका के समक्ष ही यह सवाल उठा दिया कि उन्हें अनावश्यक रूप से बार-बार क्यों बुलाया जाता है और उसने वहां जाने से इन्कार कर दिया।

अब दीपक की लॉबी उक्त आइपीएस अधिकारी को भेदने में लगी है। अधिकारी को यह बात समझते देर नहीं लगी। अपनी ईमानदार छवि और कठोर फैसले के लिए जाने जानेवाले उक्त पुलिस पदाधिकारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे बिहार छोड़ना पसंद करेंगे लेकिन चाटुकारिता करना पसंद नहीं करेंगे।

सत्ता के खासे करीब रहनेवाले इस दीपक की लौ को बुझाने की हिम्मत अच्छे-अच्छे पदाधिकारियों की तो बात छोड़िए मंत्री और विधायकों में भी नहीं है। अपने उल्टे-सीधे कामों को जायज करवाने के लिए मंत्री को भी उसी दीपक के लौ तले जाना पड़ता है। जबसे उक्त वरीय पुलिस पदाधिकारी ने इस दीपक को झटका दिया है तबसे इनकी बोलती बंद है। अब इनकी लॉबी उक्त पदाधिकारी को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है। चर्चा तो यह भी है कि इस हरकत से नाराज पुलिस पदाधिकारी दो-चार महीने में बिहार को टा-टा बाय-बाय कहते हुए केंद्र की प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे। उक्त अधिकारी के पक्ष में विपक्षी दल के नेताओं ने भी सरकार पर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। अब सरकार पर निर्भर करता है कि वह दीपक की बाती को उसकाए या फिर उसकी लौ को कम करने का कोई प्रयास करे।

## न्यूज फटाफट

### नेशनल तैराकी चैंपियनशिप में भाग लेगी देवघर की सौम्या



**देवघर :** 39वां नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 16 अगस्त से 20 अगस्त तक बीजू पटनायक स्विमिंग पूल कलिंगा भुवनेश्वर में आयोजित की जा रही है । जिसमें देवघर की सौम्या भारद्वाज झारखंड तैराकी संघ टीम द्वारा चयनित नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने भुवनेश्वर रवाना हुई मौके पर तैराकी संघ की सचिव गोपा पाठक ने सौम्या भारद्वाज एवं उनके कोच को आने-जाने की व्यवस्था कराई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष सुरेशानंद झा, ओलंपिक संघ के सचिव आशीष झा, देवघर तैराकी संघ को देखरेख करने वाला ज्ञान शाही, वीरेंद्र सिंह, संजय मालवीय, नवीन शर्मा, मनीष पाठक, राकेश, मलई सरकार, सभी ने मिलकर अग्रिम बधाई दी और रवाना किया। इनके साथ कोच प्रवीण कुमार राय भी है। इस मौके पर संघ की सचिव गोपा पाठक ने बताया कि यह प्रथम लड़की होगी जो देवघर जिले से तैराकी के क्षेत्र में नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है देवघर में संसाधनों की कमी रहते हुए भी इसने अपना अच्छा प्रदर्शन किया और मालूम हो कि पिछले महीने रांची में 50 मीटर बैक स्ट्रोक में गोल्ड मेडल लाई थी। यदि संघ को स्विमिंग पूल उपलब्ध करा दिया जाए तो प्रतिभा और मेडलो की कमी नहीं रहेगी ।

### अनेकों वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी तब मिला देश को आजादी : लखी

बेरमो : भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रदेश मंत्री, एवं झारखंड औद्योगिक ठेका मजदूर यूनियन के संरक्षक लखी हेम्ब्रम के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ध्वज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिरसा मार्केट चंद्रपुरा स्थित फूलचंद सोरेन स्मारक समिति कार्यालय प्रांगण में किया गया। राष्ट्रीय त्योहार स्वतंत्रता दिवस को काफी हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाएं देश की आजादी के लिए अनेकों वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।तब जाकर हमारा भारतवर्ष कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश सोरेन, नरेश ठाकुर,मनोज कुमार, प्रसादी महतो,जितेंद्र यादव, प्रदीप यादव,विकास मुर्मू,शक्ति कर्मकार, सुनील मिश्रा,मोती सोरेन,सोहन श्रीवास्तव नीलकमल पांडेय आदि उपस्थित थें।

ग्रामीण विकास मंत्री ने 201 सखी मंडलों के बीच

# 3 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये की परिसम्पतियों का किया वितरण



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** माननीय मंत्री व उपायुक्त के द्वारा 34 वेज कार्ट स्वीकृति पत्र एवं पाकुड़ प्रखंड के 201 सखी मंडलों के बीच 3 करोड़ 1 लाख 50 हजार रुपये की परिसम्पतियों का वितरण किया गया ।जिला प्रशासन एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में पाकुड़ परिसदन परिसर में परिसम्पति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत आलमगीर आलम माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग व उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल एवं सहायक समाहर्ता (भा०प्र०से०)डॉ कृष्णकांत कनवाड़िया के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि जिलें में दीदीयों के द्वारा छोटे छोटे रोजगार किए जा रहे हैं। दीदीयों के आमदनी को कैसे दुगुना किया जाए, इसके लिए जिला प्रशासन प्रयासरत हैं। मैं चाहता हूं कि जेएसएलपीएस की दीदी मैसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच अपना अनुभव साझा कर सकें तब पाकुड जिले के लिए गर्व की बात होगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से 34 वेज कार्ट का वितरण किया गया। इस वेज कार्ट के माध्यम से अपने पंचायत में सब्जी बिक्री कर प्रतिमाह 10 हजार रुपए का आय करके रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन सके। इस आयोजित कार्यक्रम में माननीय मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को स्वावलंबन से जोड़ने को लेकर ये कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई

# 25 बोरा अमोनियम नाइट्रेट सहित भारी मात्रा में विस्फोटक किया बरामद

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़:** पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दन को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ महेशपुर नवनीत हेंब्रम के नेतृत्व में रद्दीपुर पुलिस ने देर शाम औचक छापामारी कर 25 बोरा अमोनियम नाइट्रेट के साथ भारी मात्रा में डेटोनेटर और जिलेटिन बरामद की है। एचडीपीओ नवनीत की अगुवाई में हुई छापेमारी रद्दी पुर ओपी क्षेत्र के रामगढ़िया गांव में सिवान मरांडी के घर पर छुपा कर रखी गई 25 बोरा अमोनियम नाइट्रेट 23 बंडल डेटोनेटर और 775 पीस जिलेटिन बरामद की गई है। जब से विस्फोटक पदार्थ को ओपी लाया गया।

रद्दीपुर थाने में एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। सुभान के घर विस्फोटक कैसे पहुंची इसकी जांच की जा रही है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। एसपी के निर्देश पर गठित टीम ने यह कार्रवाई की है। छापेमारी टीम में रद्दी पुर इंचार्ज चंदन कुमार गुप्ता महेशपुर प्रभारी आनंद पंडित मुकुल भगत और सुरेश प्रसाद शामिल थे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दुर्गेश नंदिनी
सीडीपीओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय पांडे
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नीमडीह प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जटा शंकर पांडे
निर्देशक नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप उरांव मुखिया जिन्गी पंचायत,प्रखंड कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ललिता उरांव मुखिया उडुमुडु पंचायत, प्रखंड कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद अफरोज जेएमएम प्रखंड सचिव ,कुडू प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप वीरेंद्र लकड़ा पंचायत सचिव सुन्दरू पंचायत,प्रखंड कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
छोटी रानी उरांव मुखिया सुंदरू पंचायत, प्रखंड कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
शंकर उरांव जे एम एम प्रखंड अध्यक्ष कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल मन्नान अंसारी पंचायत समिति सदस्य,सुन्दरू पंचायत

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सुखमनी टोप्पो,मुखिया कोलसिमरी पंचायत,प्रखंड कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सूरज कुमार ,अंचल सहायक कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मनोहर मोदी प्रधानाध्यापक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपि

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद असदुल्ला रोजगार सेवक ,बड़की चाँपि पंचायत

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सेंसेई देवंती कुमारी कराटे प्रशिक्षक लालू टाना इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी, जिंगी,कुडू प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कमरुल इस्लाम, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग प्रखंड अध्यक्ष कुडू।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सीताराम उरांव पंचायत सचिव बडकि चांपी ,कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अवधेश उरांव आदिवासी छात्र,कुडू

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
योगेंद्र गौरव एवं करिश्मा कुवर

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नवाज खान ,आजसु पार्टी प्रखंड मीडिया प्रभारी ,कुडू प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
बिन्देश उरांव, मीडिया प्रभारी ,राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा प्रखण्ड समिति कुडू मीडिया प्रभारी

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अनिमा कुमारी ग्राम पंचायत चंदलासो पंचायत समिति सदस्य

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कच्छप, कनीय अभियंता मनरेगा कुडू प्रखंड

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
विनय उरांव पंचायत सेवक जिंगी पंचायत ,प्रखंड कुडू

## प्रदेश >> अपडेट

### बंगाल में पति ने पत्नी की गोली मारकर की हत्या

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के न्यू टाउन क्षेत्र के चंद्राणी इलाके में स्थित अपने आवास में सोमवार को एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी अजय घोष घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सीधे नारायणपुर थाने पहुंचा और अपना अपराध कबूल कर लिया। इसके अलावा आरोपी ने अपने हथियार और दो गोलियां भी पुलिस के हवाले की दीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी की पत्नी को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### तेलंगाना में बिजली गिरने के साथ आंधी के आसार

**हैदराबाद :** तेलंगाना के कई जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कोमरमभीम आसिफाबाद, मनचेरियल, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, महबुबाबाद, वारंगल, हनमकोंडा, रंगारेड्डी, विकाराबाद और महबूबनगर जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ आंधी आने का अनुमान जताया गया है। तेलंगाना में 14 से 20 अगस्त तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। राज्य में दक्षिण पश्चिम मानसून कमजोर रहा है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### ससुराल से घर लौट रहे एक युवक की मौत

**नरसिंहपुर :** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना क्षेत्र के भडरी गांव के समीप आज सुबह एक मोटर साइकिल पेड से टकरा गयी, जिससे मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गयी। युवक मोटर साइकिल से अपनी ससुराल से घर जा रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार जबलपुर जिले के चरगुंवा पुलिस थाना के विजना गांव निवासी रोशन यादव कल अपनी ससुराल गोटेगांव के गर्रा गांव आया था। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सुबह वापस अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गयी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई पूरी करायी।

### ट्रक ने खड़ी बस को मारी टक्कर, दो की मौत बीस घायल

**मऊगंज :** मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में आज एक ट्रक ने खड़ी बस को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस सवार दो महिलाओं की मौत हो गयी और लगभग बीस यात्री घायल हो गए। घायलों को रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय ले जाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहडोल जिले के ब्यौहारी से उत्तर प्रदेश के वाराणसी जा रही बस के चालक द्वारा शाहपुर थाना क्षेत्र के खटखरी चौकी के समीप बस को खड़ा कर टायर बदल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बस सवार दो महिलाएं ज्योतिबाई और लीलावती निवासी ब्यौहारी शहडोल की मौत हो गयी और लगभग 20 यात्री घायल हो गए। घायलों को हनुमना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, वहां से सभी को रीवा के संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

**क्विज** 17 भाषाओं में 10 लाख से अधिक बार खेली गयी

# मोदी ने 'जिज्ञासा' क्विज के विजेताओं को बधाई दी

- युवाओं के बीच हमारे इतिहास और संस्कृति के बारे में ज्ञान बढ़ाना है
- क्विज़ के लिए ऐसी अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देखकर खुशी हुई

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 भाषाओं में 10 लाख से अधिक बार खेले गये दुनिया के सबसे बड़े क्विज़ में से एक 'जिज्ञासा' के विजेताओं को बधाई दी है। मोदी ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के ट्वीट को साझा करते हुए अपने ट्वीट में कहा, 'जिज्ञासा' के सभी विजेताओं को बधाई। यह एक व्यापक प्रयास था जिसका उद्देश्य युवाओं के बीच हमारे इतिहास और संस्कृति के बारे में ज्ञान बढ़ाना है। इस क्विज़ के लिए ऐसी अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देखकर खुशी हुई। 'जिज्ञासा' भारत की प्राचीन सभ्यता के मूल्यों, सांस्कृतिक विकास, समृद्ध अतीत और लोकाचार के गौरवशाली समागम के बारे में 17 भाषाओं में 10 लाख से अधिक बार खेली गयी दुनिया की सबसे बड़ी क्विज़ में से एक है।

## मोदी ने विभाजन के पीड़ितों का स्मरण किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वालों पीड़ितों का स्मरण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आज देश 'विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस मना रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उन लोगों के संघर्षों को याद किया , जिन्हें विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने के साथ ही अपना घरों को छोड़ने की त्रासदी से गुजरना पड़ा था। मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। इसके साथ ही यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता है, जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को मेरा शत-शत नमन।'' पंद्रह अगस्त-1947 को देश को आजादी मिलने के साथ बंटवारे का ऐसा दर्द भी मिला , जिसने देश की आत्मा को लहुलूहान कर दिया था। यह दुनिया की सबसे बड़ी मानव त्रासदियों में से एक है । लाखों परिवारों का जीवन अंधेरे में डूब गया।

## मोहब्बत की दुकान चलाने वाले जनता को राक्षस मानते हैं : शिवराज

एजेंसियां



**भोपाल:** कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के भारतीय जनता पार्टी के मतदाताओं पर दिए कथित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि इस बयान के संबंध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी क्या मानते हैं और क्या मुहब्बत की दुकान चलाने वाले जनता को राक्षस मानते हैं। चौहान ने अपने बयान में कहा कि भाजपा के मतदाताओं को कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि जनता राक्षस है। क्या भाजपा को वोट देने वाले राक्षस हैं।

इस संबंध में श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी क्या मानते हैं। क्या वे पूरी जनता को राक्षस मानते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को भगवान मानती है। उन्होंने स्वयं के संदर्भ में कहा कि वे हमेशा कहते हैं कि मध्यप्रदेश उनके लिए मंदिर है, उसमें रहने वाली जनता भगवान है और वे उनके पुजारी हैं। उन्होंने कांग्रेस के संदर्भ में कहा कि वे स्वयं को भगवान मानते हैं, श्राप दे रहे हैं, क्या यही मुहब्बत की दुकान है।

## ईरान ने शिराज में शिया धर्मस्थल पर हुए घातक हमले की जांच शुरू की



एजेंसियां

**तेहरान:** ईरान के आंतरिक मंत्री अहमद वाहिदी ने दक्षिणी ईरानी शहर शिराज में एक प्रमुख शिया धर्मस्थल पर हुई घातक गोलीबारी की जांच के आदेश दिए हैं। ईरानी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट ने यह जानकारी दी।

तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि मंत्री ने प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद हादी इमानियेह को फोन किया और उनसे आग्रह किया कि वह हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को ढूंढने के लिए हरसंभव कदम उठाएं। फ़ार्स प्रांत के अधिकारियों से कहा गया कि वाहिदी ने जिसे आतंकवादी कृत्य बताया है, उसकी त्वरित जाँच करें और घायलों को सहायता प्रदान करें।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने आंतरिक मंत्री वाहिदी और गवर्नर इमानियेह को फोन कर शाह चेराघ मकबरे की सुरक्षा बढ़ाने और हमले के लिए जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने की मांग की।

तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार वाहिदी ने हमले की जांच शुरू होने के तुरंत बाद राजनीतिक मामलों के उप आंतरिक मंत्री मोहम्मद-रज़ा घोलमरेज़ा को बर्खास्त कर दिया। हमले के दौरान एक संदिग्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरा भाग गया और बाद में ईरानी सुरक्षा बलों ने उसे हिरासत में ले लिया। कतरी समाचार चैनल अल-जज़ीरा ने बताया कि दोनों व्यक्ति विदेशी थे। किसी भी समूह ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली, लेकिन ईरान को अतीत में इस्लामिक स्टेट एक आतंकवादी संगठन के सुन्नी आतंकवादियों ने निशाना बनाया था।

## क्रीमियन पुल पर हमले के प्रयास के लिए यूक्रेन जिम्मेदार-ज़ेलेंस्की



एजेंसियां

**कीव:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि क्रीमियन पुल पर हमले के ताजा प्रयास के लिए कीव जिम्मेदार है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन ने जमीन पर लक्षय को भेदने के लिए संशोधित एस-200 मिसाइल के साथ पुल पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन इसे मार गिराया गया और कोई नुकसान नहीं हुआ। क्रीमियन पुल पर यातायात अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। ज़ेलेंस्की ने रविवार को टेलीग्राम पर एक वीडियो संबोधन में कहा कि यूक्रेनी सैनिक विशेष अभियान के तहत नियमित रूप से रूस की कार्रवाइयों का जवाब देते हैं, और क्रीमियन पुल पर धुआं ऐसी ही प्रतिक्रिया का एक उदाहरण है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने शनिवार को कहा कि रूस यूक्रेन द्वारा क्रीमियन पुल पर किए गए हमले के प्रयास की कड़ी निंदा करता है और इसे अनुत्तरित नहीं छोड़ेगा। प्रवक्ता ने कहा, यूक्रेनी सेना नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर युद्ध के मैदान में अपनी विफलताओं की भरपाई करने की कोशिश कर रही है। यूक्रेन ने क्रीमियन पुल को कई मौकों पर निशाना बनाया है। सबसे हालिया हमलों में से एक 17 जुलाई को हुआ था और इसमें समुद्री ड्रोन शामिल थे। हमले में पुल पर बमबारी के दौरान गाड़ी चला रहे एक दम्पति की मौत हो गई और उनकी बेटी घायल हो गई।

## कांग्रेस और जयस के पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता



एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में कांग्रेस और जयस के कई पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। कल देर शाम पार्टी के यहां स्थित प्रदेश कार्यालय में हुए इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान सेवानिवृत्त आईएएस कवीन्द्र कियावत, रघुवीर श्रीवास्तव, कांग्रेस के टिकट पर पंधाना से विधानसभा चुनाव प्रत्याशी रहीं छाया मोरे सहित कांग्रेस और जयस के 1200 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। मुख्यमंत्री चौहान ने सदस्यता ग्रहण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार की तरह कार्य करने वाला संगठन है। कांग्रेस ने देश में सबसे अधिक राज किया लेकिन आदिवासी और जनता के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा ने नर्मदा जल को खजुराहो, खरगोन, बड़वानी, धार एवं अलिराजपुर तक पहुंचाने का काम किया है।

**दहशत** तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए सतना से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है

# घर के भीतर घुसा तेंदुआ, गांव में हड़कंप

- बकरियां एक कमरे में बंधी हुई थीं
- इनकी गंध से तेंदुआ यहां पर आया होगा

राष्ट्रीय खबर



**पन्ना:** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में उत्तर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमपुर के ग्राम इचोलिया में एक तेंदुआ घर के भीतर घुस गया, जिससे गांव हड़कंप और दहशत का माहौल है। आज सुबह खबर मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए सतना से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। जिस घर में तेंदुआ घुसा है उसके आसपास लोगों की भारी भीड़ जमा है। वन परिक्षेत्राधिकारी धरमपुर नरेश ककोड़िया ने बताया कि इचोलिया गांव उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है। आज सुबह त×करीबन 4 बजे जैसे ही हमें जानकारी मिली, हम मौके पर पहुँच गए हैं, रेस्क्यू टीम का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस कच्चे घर में तेंदुआ घुसा हुआ है, वहां बकरियां एक कमरे में बंधी हुई थीं, इनकी गंध से तेंदुआ यहां पर आया होगा। रेस्क्यू टीम के आने पर तेंदुए को ट्रंक्यूलाइज कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह तेंदुआ विगत कई दिनों से इस इलाके में घूम रहा है। एक सप्ताह पूर्व इस तेंदुए ने एक बकरी भी खाई थी, जिसका मुआवजा दिया जा रहा है।

ग्रामवासियों के मुताबिक यह तेंदुआ 15-20 दिनों से यहीं आसपास घूम रहा है, कई बार मवेशियों के ऊपर हमला भी कर चुका है, जिससे गांव के लोग दहशत में हैं। बीते कुछ सालों में मध्यप्रदेश में जहां बाघों की संख्या में इजाफा हुआ है, वहीं तेंदुओं की संख्या भी बढ़ी है।

जबकि वन क्षेत्र तेजी से घट रहा है, यही वजह है कि वन्य प्राणी आबादी क्षेत्र के निकट पहुंचने लगे हैं। मालूम हो कि मध्यप्रदेश में देश के 26 फीसदी से भी अधिक तेंदुए रहते हैं और यहां इनकी आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसी के साथ प्रदेश में तेंदुए और इंसानों के बीच टकराव भी बढ़ रहा है, जो चिंता की बात है। मध्यप्रदेश तेंदुए की आबादी के मामले में पहले स्थान पर है। तेंदुए जंगल के साथ-साथ इंसानी आबादी के करीब भी रहने में सहज हैं। इसलिए इंसान और तेंदुओं के बीच टकराव की आशंका अधिक है। जानकारों का कहना है कि पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र और उत्तर वन मंडल के जंगल से लगे डेढ़ सैकड़ा से भी अधिक गांव हैं, जहां हिंसक वन्य प्राणियों का खतरा बना रहता है।

मौजूदा समय पन्ना टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, ऐसी स्थिति में यहाँ के बाघ अपने लिए इलाके की तलाश में बाहर निकल रहे है। बाघों के साथ तेंदुओं की तादाद भी बढ़ी है, लेकिन इनके रहने के लिए जंगल सुरक्षित नहीं बचा। इन हालातों को देखते हुए यह जरुरी हो गया है कि इनके रहने के स्थान को सुरक्षित रखा जाये। पन्ना सहित मध्यप्रदेश में जंगलों का जिस तरह तेजी से ह्रास हो रहा है, उससे इंसानों और जंगली जीवों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है।

## न्यूज फटाफट

### पुतिन ने अल्वी को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

**मॉस्को :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने पाकिस्तानी समकक्ष आरिफ अल्वी को बधाई संदेश भेजा। पुतिन ने अपने संदेश में कहा, प्रिय राष्ट्रपति, कृपया पाकिस्तान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें। उन्होंने आगे कहा मैं सुनिश्चित करता हूं कि संयुक्त प्रयासों से हम रूस और पाकिस्तान के संबंधों को प्रगाढ़ करने का निरंतर प्रयास करेंगे, जिससे हमारे लोग लाभान्वित हो।

### अमेरिका में मिग-23 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन :** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक एयर शो के दौरान एक मिग-23 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने जानकारी दी। सुरक्षा बोर्ड ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एनटीएसबी 13 अगस्त को मिशिगन के यप्सिलंती के पास मिकोयान-गुरेविच मिग-23 की दुर्घटना की जांच कर रहा है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार विमान के थंडर ओवर मिशिगन शो के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ समय पहले पायलट बाहर निकल गए थे। दुर्घटनास्थल पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुर्घटना का कारण अज्ञात बना हुआ है।

### अमेरिका में एक घर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत

**वाशिंगटन :** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में शनिवार को एक घर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। काउंटी के एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार शनिवार सुबह लगभग 10 बजकर 23 मिनट (1423 जीएमटी) पर पश्चिमी पेंसिल्वेनिया के एलेघेनी काउंटी के प्लम में एक घर में विस्फोट होने की सूचना के बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। प्लम बरो पुलिस प्रमुख लैनी कॉनली ने रविवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विस्फोट से चार वयस्कों और एक किशोर की मौत हो गई। काउंटी आपातकालीन सेवा के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि दो लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभावित क्षेत्र में गैस और विद्युत सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गईं। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के कारण की जांच की जा रही है।

### रूस के चन्द्र मिशन लूना 25 ने पहला माप लिया

**मॉस्को :** रूस के लूना-25 चंद्र मिशन के वैज्ञानिक उपकरण सक्रिय हो गए और रविवार को अपना पहला माप लिया। रूसी अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने यह जानकारी दी। रूस के अंतरिक्ष इतिहास में पहला चंद्र मिशन शुक्रवार को प्रक्षेपित हुआ और 21 अगस्त को चंद्रमा पर उतरने वाला है। रोस्कोस्मोस ने एक बयान में कहा, आज रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित वैज्ञानिक उपकरण को पहली बार अंतरिक्ष उड़ान की स्थितियों में चालू किया गया। अंतरिक्ष निगम ने पुष्टि की कि सभी उपकरणों से टेलीमेट्री जानकारी से पता चला है कि वे नाममात्र रूप से कार्य करते हैं। बयान के अनुसार, चंद्रमा पर जाने के रास्ते में स्टेशन द्वारा एकत्र किया गया डेटा पहले ही प्राप्त हो चुका था और परियोजना की वैज्ञानिक टीम ने इसे संसाधित करना शुरू कर दिया था।

### श्रीलंका में बस-लॉरी की टक्कर, सात लोग घायल

**कोलंबो :** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में निजी बस और लॉरी की टक्कर में कम से कम सात लोग घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता एसएसपी निहाल थल्दुवा ने कहा कि टक्कर बम्बलपतिया पुलिस डिवीजन में बुलर्स जंक्शन के पास उस समय हुई जब कटारगामा जा रही बस लॉरी से टकराने के बाद सड़क पर पलट गई। प्रवक्ता ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कम से कम 15 यात्री सवार थे। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष घायल हो गए, जिन्हें कोलंबो नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बस चालक ने ट्रैफिक लाइटों की अनदेखी की थी। बम्बलपतिया पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### जापान, कोरिया एवं अमेरिका के विदेश मंत्री ऑनलाइन बातचीत करेंगे

**टोक्यो :** जापान, अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री शुक्रवार को कैंप डेविड में होने वाली तीन देशों के नेताओं की बैठक से पहले इस सप्ताह ऑनलाइन बातचीत करेंगे। जापान के मीडिया ने सोमवार को यह खबर दी। क्योदो समाचार एजेंसी ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन, जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन उत्तरी कोरिया के परमाणु समस्या, आर्थिक सहयोग सहित क्षेत्रीय मामलों पर मंगलवार को ऑनलाइन चर्चा करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल की 18 अगस्त को वाशिंगटन के करीब डेविड कैम्प में त्रिपक्षीय बैठक निर्धारित है। अंतरराष्ट्रीय मंच से इतर शिखर सम्मेलन स्वतंत्र रूप से आयोजित होने वाली पहली ऐसी बैठक होगी।

## आज का इतिहास

- 1519 : पनामा शहर बनाया गया।
- 1854 : ईस्ट इंडिया रेलवे ने कलकत्ता (अब कोलकाता) से हुगली तक पहली यात्री ट्रेन चलाई, हालांकि आधिकारिक तौर पर इसका संचालन 1855 में शुरू हुआ।
- 1886 : भारत के महान संत एवं विचारक गुरु रामकृष्ण परमहंस उर्फ गदाधर चटर्जी का निधन।
- 1938 : प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट, प्राण कुमार शर्मा , जिन्होंने ह्यचाचा चौधरी कार्टून चरित्र बनाया का जन्म।
- 1947 : भारत को अंग्रेज़ों की हुकूमत से आजादी मिली।
- 1947 : पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1947 : रक्षा वीरता पुरस्कार-परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र की स्थापना।
- 1950 : भारत में 8.6 के तीव्रता वाले भूकंप के कारण 20 से 30 हजार लोग मारे गए।
- 1959 : उत्तराखण्ड राज्य के पाँचवे मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का जन्म।
- 1971 : बहरीन ब्रिटेन के शासन से आजाद हुआ।
- 1972 : पोस्टल इंडेक्स नंबर अर्थात पिन कोड लागू किया गया।
- 1975 : बंगलादेश में सैनिक क्रान्ति, मुजीबुर्रहमान की हत्या तथा खोंडेकर मुश्ताक अहमद के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन।
- 1982 : राष्ट्रव्यापी रंगीन प्रसारण और टीवी के राष्ट्रीय कार्यक्रम का दिल्ली में उद्घाटन किया गया।
- 1990 : जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश का सफल प्रक्षेपण।
- 2004 : ब्रायन लारा सबसे तेज 10,000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने।
- 2007 : दक्षिण अमेरिकी देश पेरु के मध्य तटीय इलाके में 8.0 तीव्रता के भूकंप से 500 से ज्यादा लोगों की मौत।
- 2008 : स्वतन्त्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने संसद भवन परिसर में स्वतन्त्रता सेनानी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया।
- 2021 : अफगानिस्तान पर तालिबान का कब्जा. राष्ट्रपति अशरफ गनी ने देश छोड़ा।




## मोराबादी मैदान में झंडा फहराएंगे मुख्यमंत्री

**रांची:** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह मंगलवार को मोरहाबादी मैदान में होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे। झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव को लेकर ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी कर दिया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंगलवार को सुबह छह बजे से रात के दस बजे तक राजधानी में भारी वाहनों की नो एंट्री होगी। मंगलवार को बड़े वाहनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं। इससे संबंधित आदेश ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार मोरहाबादी स्थित कार्यक्रम स्थल पर सफेद और नारंगी पास वाले वाहन प्रवेश कर सकेंगे। अन्य वाहनों को कार्यक्रम स्थल से दूर वाहन खड़ी करनी होगी।


















































